दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 108
कोटद्वार शनिवार
12 अगस्त 2023, पृष्ठ-8


गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मलबे में दबा वाहन मिला, पांच शव बरामद

### गुजरात के यात्री के रूप में हुई एक की पहचान



**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राजमार्ग पर तरसाली में भारी भूस्खलन से हाइवे बाधित है। यहां मलबे से एक वाहन मिला है, जिसमें पांच शव बरामद हुए हैं। एक मृतक के पास से मिली आईडी से पहचान गुजरात निवासी के रूप में हुई है। अन्य की शिनाख्त भी की जा रही है।

जनपद में भूस्खलन के चलते बीते दस दिनों में यह दूसरी बड़ी घटना है। बृहस्पतिवार को शाम 5.30 बजे तरसाली में पहाड़ी से बोल्डरों के साथ भारी मलबा गिरने से हाईवे का 60 मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया था। इस कारण एक बार फिर फाटा, सोनप्रयाग, गौरीकुंड का गुप्तकाशी से संपर्क कट गया है।

ऐसे में केदारनाथ यात्रा फिर से प्रभावित हो गई है। एनएच के अधिकारियों के अनुसार, हाईवे खोलने में लंबा समय लग सकता है।

पुलिस उपाधीक्षक विमल सिंह रावत ने बताया कि रुद्रप्रयाग से काकड़ागाड़ तक स्थानीय लोगों और यात्रियों को हाईवे बंद होने की जानकारी दी।

## हमने कहा था अकेले मणिपुर पर चर्चा के लिए आओ, चिट्ठी भी लिखी, पर विपक्ष के पेट में पाप था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से मणिपुर की घटनाओं पर राजनीति न करने की अपील करते हुए कहा है कि राज्य में शांति स्थापित करने के लिए सबको साथ लेकर चलने का एक विश्वास जगाने का प्रयास निरंतर चल रहा है और वहां शांति का सूर्योदय जरूर होगा। प्रधानमंत्री ने मणिपुर में हाल की हिंसा के दौरान महिलाओं के साथ हुए अपराध को अक्षम्य बताते हुए आश्वासन दिया कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से प्रयास चल रहे हैं निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर एक बार नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा।



मैं मणिपुर के लोगों से भी आग्रह पूर्वक कहना चाहता हूं, वहां की माताओं, बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं देश आपके साथ है। मैं मणिपुर के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि मणिपुर फिर विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़े उसमें कोई प्रयासों में कोई कसर नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने गृह मंत्री के साथ मणिपुर की चर्चा पर सहमति दिखाई होती, तो अकेले मणिपुर विषय पर विस्तार से चर्चा हो सकती थी। हर पहलू पर चर्चा हो सकती थी। उनको भी बहुत कुछ कहने का मौका मिल सकता था, लेकिन उनको चर्चा में रस नहीं था।

श्री मोदी ने कहा कि हमने कहा था कि अकेले मणिपुर के लिए आओ चर्चा करो, गृहमंत्री जी ने चिट्ठी लिखकर कहा था, लेकिन साहस नहीं था, इरादा नहीं था और पेट में पाप था, दर्द पेट में हो रहा था और फोड़ रहे थे। उन्होंने श्री शाह के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि मणिपुर में अदालत का एक फैसला आया। अब अदालतों में क्या हो रहा है, वो हम जानते हैं। उसके पक्ष विपक्ष में जो परिस्थितियों बनीं, हिंसा का दौर शुरू हो गया और उसमें बहुत परिवारों को मुश्किल हुई। अनेकों ने अपने स्वजन भी खोए। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुआ और ये अपराध अक्षम्य है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए केंद्र सरकारए राज्य सरकार मिलकर के भरपूर प्रयास कर रही है।

## मणिपुर में शांति बहाली नहीं चाहते नरेंद्र मोदीः राहुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह संसद और संसद के बाहर इस संकट को लेकर कुछ बोलना नहीं चाहते और इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे साबित होता है कि वह मणिपुर में शांति बहाली नहीं चाहते हैं।

श्री गांधी ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी लोकसभा में जब विपक्षी दलों के अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे तो दो घण्टे 13 मिनट के भाषण में उन्होंने आखिर में मणिपुर पर अपनी बात रखी है। वह मणिपुर को लेकर कितना गंभीर है इस बात का पता भाषण के दौरान उनके हावभाव में साफ झलक रहा था। वह जब बोल रहे थे तो मुस्कुरा रहे थे, उनके चेहरे पर पीड़ा का भाव कहीं नहीं था। सदन में नारे लग रहे थे और इससे साबित होता है कि वह मणिपुर में शांति नहीं चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह देख कर आश्चर्य होता है कि मणिपुर जल रहा है, वहां एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय के लोगों की जान लेने पर उतारू हैं, लेकिन श्री मोदी इस मुद्दे पर संसद में पुख्ता बात कहने की बजाय कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों और उनके नेताओं का नाम लेकर उन पर हमला कर रहे हैं, गठबंधन और उसमें शामिल दलों पर हमला कर रहे हैं लेकिन मणिपुर की समस्या को हल्के-फुल्के में लेकर इस मुद्दे पर गंभीरता से कोई बात नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को सोचना चाहिए कि वह किसी दल विशेष या क्षेत्र विशेष के नेता नहीं हैं, बल्कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं। श्री मोदी जब बोलते हैं तो बोलते समय उनकी बातों में प्रधानमंत्री का स्तर नहीं झलकता है। देश के नेता का जैसा हावभाव उनमें देखने को नहीं मिलता है। मणिपुर जैसे मुद्दे पर जब वह हल्की-फुल्की बात करते हैं और इस त्रासदी पर बोलते हुए हंसते हैं तो साफ हो जाता है कि वह मणिपुर को बहुत हल्के में ले रहे हैं, वहां शांति बहाल हो इस बारे में वह सोचते भी नहीं हैं।

## चालक सहित 7 पुलिस कर्मियों की मौत

**चंबा, एजेंसी।** जिला चंबा के चुराह उपमंडल के तीसा-बैरागढ़ मार्ग पर पहाड़ी से गिरे पत्थर की जद में आकर टाटा सूमो वाहन के अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरने से इसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में वाहन चालक और सेकंड आईआरबी के छह जवान शामिल है।

तीन घायलों को सिविल अस्पताल तीसा में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया गया है। एक घायल का तीसा अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस में दुर्घटना में मारे गए चालक व पांच जवानों के शव बरामद कर लिए हैं जबकि एक जवान अभी लापता चल रहा है। पुलिस दुर्घटना के विस्तृत कारणों की जांच में जुटी हुई है। पुलिस दुर्घटना में मारे गए जवानों व चालक के शवों का पोस्टमार्टम करवा रही है। वाहन में कुल ग्यारह लोग सवार थे।

## आपदा से उभरने को केंद्र सरकार से मांगेंगे मदद : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में आई आपदा से उभरने के लिए केंद्र सरकार से विशेष बजट की मांग की जाएगी। सरकार का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध करवाना है।

शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हेलीकाप्टर ग्रास्टनगंज स्थित दशहरे मैदान में लैंड हुआ। यहां से मुख्यमंत्री कार से होते हुए गाड़ीघाट-कुंभीचौड़ पुल की स्थिति देखने के लिए पहुंची। मंगलवार को उक्त पुल की एप्रोच धराशायी हो गई थी। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द एप्रोच मरम्मत के निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने नजीबाबाद रोड-बीईएल रोड व मोटाढांक से होते हुए बेलगिरी आश्रम के समीप बने वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे।



मालन नदी पर बने वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

◆मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया मालन व अन्य पुलों का निरीक्षण
◆कहा आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए गंभीरता से काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रस्त मालन नदी के पुल की मरम्मत के लिए जल्द ही बजट जारी किया जाएगा। कहा कि मालन नदी का पुल किस कारण से धराशायी हुआ इसकी जांच चल रही है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द मार्गों की स्थिति को सुधारने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, पंकज भाटिया आदि मौजूद रहे।

## पौधारोपण कर रही महिलाओं पर गुलदार ने किया हमला

### मची भगदड़, एक महिला की लहूलुहान, लोगों में दहशत

**अगस्त्यमुनि (रुद्रप्रयाग)।** बसुकेदार उप तहसील के डांगी-सिनघाटा गांव में पौधारोपण कर रही महिलाओं पर गुलदार ने हमला कर दिया। इस घटना में 40 वर्षीय महिला संपदा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें परिजनों द्वारा सीएचसी अगस्त्यमुनि में भर्ती किया गया है। गुलदार के हमले के बाद से क्षेत्रीय जनता में दशहत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।



शुक्रवार को संपदा देवी पत्नी ताजबर सिंह गांव की अन्य महिलाओं के साथ प्राथमिक विद्यालय डांगी के समीप खेतों में पौध लगा रहीं थी। तभी, झाड़ियों में छुपे गुलदार ने महिलाओं के समूह पर हमला कर दिया। इस दौरान अन्य महिलाएं तो चिल्लाते हुए इधर-उधर भाग गईं। लेकिन संपदा देवी को गुलदार ने पंजों से कई हमले कर लहूलुहान कर दिया।

महिलाओं की सूचना पर घायल के परिजन व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल सीएचसी अगस्त्यमुनि पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति में सुधार है। डॉक्टर ने बताया कि महिला के सिर पर टांके आए हैं। साथ ही हाथ, पैरों पर भी जख्म हैं।

दूसरी तरफ रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के रेंजर यशवंत सिंह चौहान ने अस्पताल पहुंचकर महिला की कुशलक्षेम पूछी। वहीं, ग्राम प्रधान सतेंद्र राणा ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्कूल के समीप हुई इस घटना के बाद से ग्रामीणों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय पैदा हो गया है।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के 9 जजों के तबादले की सिफारिश की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तीन हाईकोर्ट के 9 जजों का तबादला करने की सिफारिश की है.इनमें गुजरात और पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चार-चार जज हैं. कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट में जिन चार जजों का तबादला करने की सिफारिश केंद्र सरकार से की है, उनमें जस्टिस हेमंत एम प्रचछक भी शामिल हैं. उन्होंने राहुल गांधी की दोष सिद्धि पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था उनके अलावा जस्टिस गीता गोपी ने भी राहुल गांधी के मोदी मानहानि मामले की सुनवाई से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि मेरे सामने मत सूचीबद्ध करें.इस तरह देखा जाए तो राहुल गांधी के मुकदमे से जुड़े दो जज तबादला सूची में हैं. जस्टिस गोपी को गुजरात से मद्रास और जस्टिस प्रच्छक को पटना हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश है.वहीं, जस्टिस समीर जे दवे का तबादला राजस्थान हाईकोर्ट में करने को सिफारिश की गई है. जस्टिस दवे ने तीस्ता सीतलवाड़ की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था .इनके अलावा चौथे जज अल्पेश वाई कोगजे को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश है.

## ज्ञानवापी परिसर में एएसआई का सर्वे जारी, इमारतों के इतिहास को खंगालने में जुटी टीम

**वाराणसी ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में शुक्रवार को भी एएसआई की टीम सर्वे के लिए पहुंच गई है। सर्वे में एएस-ाआई अलग-अलग मशीनों का भी उपयोग कर रही है। नींव से लेकर इमारतों के इतिहास को खंगालने के लिए उन हिस्सों की थ्रीडी मैपिंग भी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, ज्ञानवापी सर्वे में एएसआई टीम में कानपुर के विशेषज्ञ भी जुड़ गए हैं।

ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार (जीपीआर) समेत आधुनिक जांच मशीनों के साथ पहुंची टीम दीवारों के पीछे व जमीन के नीचे जांच करेगी। इनके आने के साथ ही सर्वे में शामिल सदस्यों की संख्या भी बढ़ गई है। पहले जहां 42 सदस्य सर्वे कर रहे थे अब इनकी संख्या 52 हो गई है। सर्वे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने गुरुवार को अलग-अलग जगहों की फोटो और वीडियोग्राफी की। इसके साथ ही परिसर के अलग-अलग हिस्सों में अत्याधुनिक मशीनों की मदद से नाप-जोख भी की गई।

## मध्य प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर प्रियंका गांधी ने किया हमला, जयराम रमेश ने भी किया ट्वीट

**भोपाल , एजेंसी।** शिवराज सरकार के 50त्न कमीशन लेने पर कांग्रेस का भाजपा सरकार पर चौतरफा हमला।आज कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर मध्य प्रदेश में पहले 50त्न करप्शन को लेकर ट्वीट किया वहीं जयराम रमेश ने भी बीजेपी सरकार पर वार किया है। प्रियंका गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा है मध्य प्रदेश में ठेकेदारों के संघ ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की है कि प्रदेश में 50त्न कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। कर्नाटक में भ्रष्ट क्ख्क्क सरकार 40त्न कमीशन की वसूली करती थी।

## 72 घंटे बाद खुला कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग

◆मंगलवार रात से बंद पड़ा था कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग
◆लगातार प्रयासों के बाद शुक्रवार दोपहर से शुरू हुई वाहनों की आवाजाही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मंगलवार को हुई अतिवृष्टि के कारण बंद पड़ा नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य शुक्रवार से खुल गया है। मलबा व बोल्डर हटने के बाद मार्ग पर पूर्व की तरह वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने के बाद यहां फंसे सैकड़ों यात्रियों ने राहत की सांस ली। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए खाद्य पदार्थों के साथ ही अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति भी शुरू हो गई है।



राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने के बाद आवाजाही करते वाहन

अतिवृष्टि के कारण कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी मलबा व बोल्डर आ गये थे। सात से अधिक स्थानों पर आए बोल्डर व मलबे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग को खोलने की जद्दोजेहद में जुटा हुआ था। बुधवार तक पोकलेंन व जेसीबी मशीन ने पांच से अधिक स्थानों से मलबा व बोल्डर साफ कर दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे कोटद्वार से पांच व सात किलोमीटर आगे आए भारी मलबे व बोल्डर को साफ करने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह खुल गया। राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने के बाद तीन दिन से फंसे वाहन चालकों ने सबसे अधिक राहत की सांस ली। पर्वतीय क्षेत्रों में बंद पड़ी आवश्यक सामग्री की आपूर्ति भी सुचारू हो गई है। यही नहीं शुक्रवार को कोटद्वार-दुगड्डा के साथ कोटद्वार ऐता मार्ग को भी वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया।

## अंग्रेजों के जमाने के फौजदारी कानून रद्द होंगे, मॉब लिंचिंग और नाबालिग से दुष्कर्म पर सजा ए मौतः शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में दंड विधान प्रक्रिया से जुड़े अंग्रेजों के जमाने के तीन कानूनों- इंडियन पीनल कोड 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898 और इंडियन इविडेंस एक्ट 1872 को रद्द करने तथा उनकी जगह नए कानून बनाने के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विधेयक को पेश किया। नए विधेयकों में अदालती प्रक्रिया में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता लेने के बाकायदा प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं और नए कानून बनने पर अपराधिक मामलों में पुलिस को तीन महीने के अंदर आरोप पत्र अदालत में पेश करना अनिवार्य किया जा रहा है।



प्रश्न काल के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने कांग्रेस के सदन में नेता अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के विरोध में हंगामा किया और आसन के सामने आ गये। इस पर पीठासीन अधिकारी किरीट भाई सोलंकी ने कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही पुनः शुरू होने पर गृह मंत्री श्री शाह ने पुराने फौजदारी कानूनों को हटाकर नए कानून बनाने से संबंधित तीनों विधेयक पेश करते हुए कहा कि इनमें भारतीय आत्मा जुड़ी है। इंडियन पीनल कोड (भारतीय दंड संहिता), क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (अपराध प्रक्रिया संहिता) और इंडियन इविडेंस एक्ट (भारतीय साक्ष्य अधिनियम) अंग्रेज शासकों के बनाये हुए हैं। उनका स्थान लेने वाले ये विधेयक भारतीय समाज के व्यापक हित में लाये गये हैं। गृह मंत्री ने कहा कि इन विधेयकों को तैयार करने में व्यापक विचार-विमर्श किया गया है। ये विधेयक चार साल की लंबी प्रक्रिया से गुजरने के बाद तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस प्रक्रिया में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और जनता से मिले सुझावों को ध्यान में रखा है।

इस कार्य में 158 बैठकें करनी पड़ी हैं। श्री शाह ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा बनाए गए उपरोक्त तीनों कानून जगह-जगह गुलामी की निशानियों से भरे पड़े हैं। ऐसी 475 निशानियों को समाप्त करने के प्रावधान करते हुए इनकी जगह नए विधेयक प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुराने फौजदारी कानूनों में इनसाफ में देरी होती रही है और व्यवस्था ऐसी है कि न्यायालय में जाना अपने आप में एक सजा बन जाती है। श्री शाह ने कहा कि नए विधेयकों में पुलिस और न्यायिक अधिकारियों को आधुनिक से आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल करने के प्रावधान किए गए हैं। इनमें ई-मेल, सर्वर और बेवसा-इट के उपयोग को कानूनी वैधता प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि नए विधेयकों में प्रावधान है कि पुलिस को किसी आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र 90 दिन में दायर करना पड़ेगा। अदालतों को भी आरोप पत्र दाखिल करने की छूट देने का सिर्फ 90 दिन का अधिकार होगा। इस तरह आरोप पत्र दाखिल करने में 180 दिन से अधिक समय नहीं लगेगा। सभी तरह की प्रक्रिया पूरी करने के बाद 30 दिनों में फैसला करना होगा। फैसला सुनाए जाने के बाद सात दिनों में उसे वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नए विधेयक में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए राजद्रोह से जुड़े कानून को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है।

# सीएम धामी ने किया भूपतवाला स्थित वेद निकेतन धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में प्रतिभाग





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार में भूपतवाला स्थित वेद निकेतन धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। रामचरित मानस की चौपाई–बिन सत संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई का उल्लेख करते हुये मुख्यमंत्री ने सत्संग की महिमा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें जीवन में नई ऊर्जा देने का कार्य करती है।

मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म का उल्लेख करते हुये कहा कि आज सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में फैल रही है तथा पूरा विश्व इससे परिचित होते हुये हमारी संस्कृति को किसी न किसी रूप में अपना रहा है। कोरोना काल का जिक्रकरते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में योग व आयुर्वेद को हमने काफी निकट से महसूस किया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। हमारी इस विरासत को आज पूरा विश्व अपना रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा देश चहुंमुखी विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर जल्दी ही बनकर तैयार हो जायेगा। वर्ष 2013 की भयंकर त्रासदी में केदारनाथ परिसर को काफी नुकसान पहुंचा था, जिसको दिव्य व भव्य बनाने का कार्य प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में प्रारम्भ करवाया था। आज उस स्थान पर भव्य व दिव्य केदारपुरी अपना स्वरूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ को संवारने का कार्य भी काफी तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ व हेमकुंड साहिब की यात्रा को सुगम बनाने के लिये रोपवे की आधारशिला रखी जा चुकी है। आने वाले समय में श्रद्धालुओं की केदारनाथ व हेमकुंड साहिब की यात्रा काफी सुगम होने वाली है। उन्होंने कहा कि जिस यात्रा को करने में तीन से चार दिन लगते थे, वह यात्रा अब कुछ ही घण्टों में सम्पन्न हो जायेगी। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ाये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था आज ग्यारहवें से पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गयी है तथा भविष्य में यह तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बने इसके लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने हरिद्वार व ऋषिकेश कॉरिडोर विकसित करने का संकल्प लिया है जो शीघ्र ही मूर्त रूप में साकार होगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन पूर्णता की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मानस खण्ड के अन्तर्गत 60–65 मन्दिरों का एक कॉरिडोर विकसित करने जा रही है,

## मुख्य सचिव ने ली प्रदेश में पशुओं में हो रही लंपी बीमारी के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में प्रदेश में पशुओं में होने वाली लंपी बीमारी के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि लंपी बीमारी से लड़ने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। कहा कि पूरे प्रदेश को सैचुरेट करने के लिए प्रदेशभर में टीकाकरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं को मारने हेतु सघन फॉगिंग अभियान चलाए जाएं। मुख्य सचिव ने बीमारी से अधिक प्रभावित जनपदों द्वारा टीकाकरण और दवाओं के छिड़काव पर अधिक ध्यान दिए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को वैक्सीन और दवाओं आदि की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही मुख्य सचिव ने प्रदेश में नवीन गौसदनों की स्थापना की प्रगति की भी समीक्षा की। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को गौसदनों के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों ने भूमि चिन्हीकरण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं,

### बोरगांव में ग्रामीणों ने दी शहीद को श्रद्धांजलि

नई टिहरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चलाए जा रहे मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत थौलधार ब्लॉक की ग्राम पंचायत बोरगांव में तिरंगा फहराने के साथ ही पौधरोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित ब्लॉक के अधिकारियों व ग्रामीणों ने गांव के शहीद दिलबर सिंह राणा व चतर सिंह राणा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शुक्रवार को ग्राम पंचायत बोरगांव के अमृत सरोवर में बीडीओ दुर्गा प्रसाद थपलियाल के निर्देशन में ग्रामीणों झंडा फहराया। ग्रामीणों ने राष्ट्रगान के साथ ही गांव के देश की रक्षा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत क्यारी गुसाईं, कंडी, ज्यूंदासू, डांग तल्ला, लवाणी आदि में भी ग्रामीणों ने तिरंगा फहराने के साथ पौधरोण किया।

## पांचवें दिन भी जारी रहा संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना

ऋषिकेश। नया शहर बसाने को लेकर लगातार विरोध बढ़ता जा रहा है। नए शहर बसाने के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। पांचवें दिन किसानों ने मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति की प्रति जला अपना विरोध जताया। शुक्रवार को डोईवाला में गुरुद्वारे के समक्ष किसानों ने पांचवें दिन भी धरना दिया। उन्होंने धरनास्थल पर मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति को जलाकर प्रदर्शन किया। किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि किसान अपनी जमीन नहीं देना चाहता है, मगर सरकार जबरदस्ती किसानों की भूमि लेना चाह रही है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री बयान देते हैं कि डोईवाला में कोई सिटी नहीं बनाई जाएगी, तो वहीं दूसरी ओर केंद्र के अधिकारी आकर यहां का सर्वे करते हैं। उसके बाद जब किसान अनिश्चितकालीन धरना देते हैं तो मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन द्वारा डोईवाला क्षेत्र में नया शहर बसाने का कोई प्रस्ताव नहीं होने की प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाती है। कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं घटनास्थल पर आकर किसानों को बताएं और इस मामले में आदेश जारी करें। प्रेस विज्ञप्ति फूंकने वालों में गुरदीप सिंह, चतर सिंह, हाजी अमीर हसन, जितेंद्र कुमार, अनूप कुमार सिंह, मनोज नौटियाल, राजेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, करतार नेगी, सुरेंद्र खालसा, जनरल सिंह, पूनम सरदार, जोगिंदर कौर, निर्मला देवी, मनजीत सिंह, उषा देवी, कमला थापा, सागर मनवाल आदि शामिल रहे।

### विशेष दाखिल खारिज शिविर में 619 वाद निपटाए

ऋषिकेश। तहसील ऋषिकेश में लगे विशेष दाखिल खारिज शिविर में नगर और ग्रामीण क्षेत्र के 619 वादों को निपटारा किया गया। इस दौरान 08 मामले विवादित भी पाए गए। शुक्रवार को ऋषिकेश तहसील में विशेष दाखिल खारिज शिविर का आयोजन किया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी कमठान ने किया परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने आज परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्वंतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को मंच निर्माण कार्य के साथ ही सीटिंग व्यवस्था, बेरिकेटिंग,साज–सज्जा कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्थाएं की जानी है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने परेड मैदान पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम, फोटो गैलरी पर किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर निगम को परेड मैदान सहित समस्त नगर निगम क्षेत्र में साफ–सफाई करने, विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था, के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने परेडग्राउण्ड में निर्माणाधीन किड जोन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों एवं जिला सूचना अधिकारी को निर्देश दिए कि फोटो गैलरी, एलईडी के लिए स्थान तथा मीडिया के लिए कवरेज हेतु स्थापित किये जाने वाले कैमरे तथा कार्यक्रम की आनलाईन स्ट्रीमिंग हेतु स्थान आदि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिला सूचना अधिकारी को कार्यक्रम के सजीव प्रसारण एवं मुख्य स्थलों पर एलईडी स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले माननीयों एवं उनके परिजनों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं राज्य आन्दोलनकारियों तथा उनके परिजनों की बैठने की व्यवस्था सहित जनमानस बैठने आदि स्थान पर व्यवस्थाए बनाने तथा बेरिकेटिंग आदि कार्य, के निर्देश लोनिवि को दिए। निरीक्षण के दौरान लोनिवि, नगर निगम, एमडीडीए आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नए लुक में नजर आएगा भारतभूमि गेस्ट हाउस

ऋषिकेश। गढ़वाल मंडल विकास निगम का ऋषिकेश भारत भूमि गेस्ट हाउस अब जल्द ही नए लुक में नजर आएगा। गेस्ट हाउस में डोरमेट्री कमरों को हटाकर उनके स्थान पर नए आधुनिक सुविधाओं से लेस ऐसी रूम बनाए जा रहे हैं। मेहमानों की सुविधा के लिए लिफ्ट भी लगाई जा रही है। हरिद्वार–देहरादून मार्ग स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम का भारतभूमि गेस्ट हाउस हाईटैक होने जा रहा है। गेस्ट हाउस में मौजूद सभी 10 डोरमेट्री को हटाकर उनके स्थान पर नए वातानुकूलित कमरे बनाए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एक डोरमेट्री की जगह 2 गेस्ट रूम तैयार हो रहे हैं। लिहाजा कुल 20 नए ऐसी कमरे इस गेस्ट हाउस में बनाए जा रहे हैं।

## सीएम धामी ने की खनन एवं राजस्व विभाग की समीक्षा



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड / 2025 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए खनन एवं राजस्व विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को हांसिल करने के लिए अवैध खनन को रोकने के लिए ट्रेकिंग सिस्टम को मजबूत किया जाए। यदि कोई अवैध खनन करते हुए पकड़ा जाता है, तो उन पर सख्त कारवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रयास किये जाएं कि सभी चिन्हित खनन लॉट्स सुचारू रहें, इससे वैध तरीके से कार्य होंगे और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने खनन विभाग एवं खनन के क्षेत्र में कार्य कर रहे जीएमवीएन, केएमवीएन एवं वन विकास निगम को सभी लॉट संचालित किए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि जो लॉट अभी सक्रिय नहीं हैं, उनको सक्रिय करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मार्च 2024 तक भू–अभिलेखों/मानचित्रों के डिजिटाइजेशन का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2026 तक प्रदेश की राजस्व अभिलेखों में दर्ज सम्पूर्ण भूमि का सर्वे/रि–सर्वे करने का लक्ष्य रखा गया है।

## ओहो रेडियो और दून डिफेंस ड्रीमर्स द्वारा आयोजित "जय हिन्द.. एक फौजी ऐसा भी" कार्यक्रम में राज्यपाल ने किया प्रतिभाग




देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन ऑडिटोरियम में ओहो रेडियो और दून डिफेंस ड्रीमर्स द्वारा आयोजित ''जय हिन्द.. एक फौजी ऐसा भी'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। भारतीय सेना के वीर सैनिकों पर आधारित इस कार्यक्रम में उनके शौर्य, साहस और बलिदान की अमर गाथाओं को लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस दौरान विभिन्न अवसरों पर अपनी बहादुरी से दुश्मनों को परास्त करने वाले देश के गौरव सैनिकों और उनकी शौर्यगाथा को प्रर्दशित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आईटीबीपी के जवान अर्जुन खेड़ियाल ने तेरी मिट्टी में मिल जावां, गुल बनके मैं खिल जावां... के गाने ने सभी उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने भारतीय सेना की सेवाओं के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा ओहो रेडियो द्वारा अपने बहादुर सैनिकों को याद और नमन करने के लिए प्रारंभ किया गया यह कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का इतिहास विशिष्ट, उच्च स्तर का और गौरवशाली रहा है। भारतीय सेना की शौर्य गाथाएं किसी भी भारतीय का सीना गर्व से भर देती है। भारतीय सैनिकों के शौर्य, साहस, पराक्रम और बलिदान की गाथाएं सदियों से गाई जाती रही हैं। यह गाथाएं इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि एक सैनिक और उसका परिवार हमेशा देश सेवा के लिए कार्य करता है, और वह राष्ट्र प्रथम की भावना से अभिप्रेरित रहता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत जैसे महान देश में जन्म लिया है। कई वर्षों की गुलामी के बाद विगत 76 वर्षों में भारत अपने सामर्थ्य से विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु की प्रतिष्ठा को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। आज पूरे विश्व में भारत और भारतीयों के प्रति आदर और सम्मान का भाव है। हमें याद रखना चाहिए कि जब हम आजाद हुए तो हमारे सामने कई चुनौतियां थीं, लेकिन सभी चुनौतियों का सामना हमारे देश ने मजबूती से किया और भारत विश्व का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा बड़े सपने देखें और उन सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लें, ऐसा संकल्प जिसका कोई विकल्प न हो।




### राशिसं गढ़वाल मंडल के कमन नयन बने मीड़िया प्रवक्ता

नई टिहरी। राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। प्रतापनगर ब्लाक के जीआईसी देवताधार के जीव विज्ञान प्रवक्ता कमलनयन रतूड़ी को मंडलीय मीडिया प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया है। रतूड़ी पूर्व में भी शिक्षक संघ तथा अन्य कर्मचारी संगठनों में भी महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। वर्तमान में भी वे राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहली मोर्चा व राजकीय अधिकारी कार्मिक शिक्षक महासंघ के संयोजक के रूप में कर्मचारी, शिक्षकों के हितों के लिए सक्रिय है। राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री हेमंत पैन्यूली द्वारा जारी मनोनयन पत्र में रतूड़ी से पद की गरिमा बनाते हुए संगठन हित में कार्य करने की अपेक्षा की है। रतूड़ी के मंडलीया मीडीया प्रवक्ता बनाये जाने पर कीर्तिनगर के अध्यक्ष सतीश बलून ,संदीप मैथानी मंत्री कीर्तिनगर, उपेंद्र मैथानी पूर्व अध्यक्ष भिलंगना, वर्तमान पदाधिकारियों व शिक्षकों सहित अनेक कर्मचारी नेताओं ने खुशी जताई है।

## कांग्रेस ने सरकार के विरोध में नारेबाजी कर पुतला जलाया

नई टिहरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में मणिपुर और मेवात के नूंह शहर में हिंसा पर कोई जवाब न दिए जाने और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को निलंबित किए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी भी की। भाजपा की केंद्र सरकार को लेकर रोष जाहिर करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा की आज पूरे देश में तहत धर्म संप्रदाय और जाति के बीच हिंसा पैदा की जा रही है। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मणिपुर मामले में चुप्पी साधे रहना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी इसकी कड़े शब्दों में निन्दा करती है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार और पीसीसी सदस्य सैयद मुसरफ़ अली ने कहा कि भाजपा ने देश के प्रत्येक वर्ग को गुमराह करने का काम किया है। आज भाजपा नौजवानों को धर्म–जाति–संप्रदाय के नशे में भटकाकर उनका भविष्य बर्बाद कर रही है। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत और पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौडियाल ने कहा कि भाजपा के नफरत के मुद्दों के सिवा कुछ नहीं है।

## ढालवाला के घरों में घुसा बरसाती पानी, जागकर काटी रात

ऋषिकेश। ढालवाला क्षेत्र के वार्ड 11 में भारी बरसात से उफनाए बरसाती नाले का पानी घरों में घुस गया। पानी घरों में घुसने से लोगों के अफरातफरी मच गई। लोगों ने डर के साये में रात किसी तरह गुजारी। घरों में पानी घुसने से सौ से अधिक परिवारों का घर का सामान खराब हो गया। शुक्रवार सुबह लोग अपने घरों में जमा बरसाती पानी व कीचड़ निकालते नजर आए। बीते गुरुवार मध्यरात्रि ढालवाला वार्ड 11 के जंगल से सटे घरों में बरसाती नाले का पानी घुसने लगा। अचानक घरों में पानी घुसते देख उनके होश उड़ गए। करंट के डर से लोगों ने अपने घरों में लगे बिजली के मैन स्विच बंद कर दिए। लगातार पानी बढ़ने पर वह अपने घरों से बाहर आ गए। जबकि कुछ बरसाती पानी की निकासी में जुट गए। कुछ देर बाद घरों में घुसा पानी कम होने पर उन्हें राहत मिली। शुक्रवार सुबह सूचना पर पहुंची नगर पालिका मुनिकीरेती के अधिकारी मजदूर, ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर मौके पर पहुंचे और लोगों के घरों एवं गलियों में जमा मलबा हटाना शुरू कर दिया। बरसाती नाले का फिर वार्ड में न आए इसके लिए जेसीबी की मदद से मिट्टी का तटबंध बनाया गया। वार्ड 11 के कमलेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि उनके घर में आए बरसाती पानी से उनके घर की दीवार ढह गई ।

# नवनिर्मित ध्रुवपुर पुल पर भी मंडराने लगे संकट के बादल, बचाने के प्रयास जारी

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : ध्रुवपुर से कण्वाश्रम को जोड़ने के लिए सुखरो नदी पर बने गए नवनिर्मित पुल पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। उक्त पुल भी कब नदी की भेंट चढ़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में अब सरकारी सिस्टम पुल को बचाने की जद्दोजेहद में जुट गया है।

कुछ माह पूर्व ही ध्रुवपुर से कण्वाश्रम को जोड़ने वाले पुल का लोकार्पण किया गया था। लेकिन, मंगलवार को हुई बारिश के दौरान सुखरो नदी पर बने इस पुल को खतरा पैदा होने लगा है। नदी में बहकर आए विशाल वृक्षों के कारण नदी का बहाव पुल की एप्रोच रोड की तरफ हो गया है। साथ ही पुल के मध्य में स्थित एक पिलर पर भी खतरा मंडरा रहा है। नदी से हुए कटाव के कारण पिलर का प्लेटफार्म नजर आने लगा है। यदि नदी पुनः विकराल रुप में आती है तो नदी पिलर की बुनियाद को नुकसान पहुंचा सकती है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग की ओर से नदी में पोकलैंड मशीन उतार नदी की दिशा बदलने की कवायद तेज कर दी गई है। विभाग नदी के रूख को बदलने की तैयार कर रहा है। वहीं, सुखरो नदी में बाढ़ सुरक्षा दीवार ढहने के बाद सिम्मलचौड़ मोहल्ले को भी खतरा पैदा हो गया है। सुखरो नदी के तटीय इलाके में लगातार भू-कटाव का दौर जारी है। नदी के तट पर बनाई गई सुरक्षा दीवार के पीछे के खेत नदी ने अपने आगोश में ले लिए हैं। भू-कटाव से सत्तीचौड़ में पांच से अधिक भवनों को खतरा पैदा होने लगा है। ऐसे में यदि सरकारी सिस्टम ने सुखरो नदी में बाढ़ सुरक्षा प्रबंध नहीं किए तो सत्तीचौड़ व सिमलचौड़ में भारी नुकसान हो सकता है।



ध्रुवपुर से कण्वाश्रम को जोड़ने के लिए सुखरो नदी पर बना पुल



सुखरो नदी से सत्तीचौड़ क्षेत्र में हो रहा भू-कटाव

**कुछ माह पूर्व ही किया गया था सुखरो नदी पर बने इस पुल का लोकार्पण**

## समाजसेवी कर्नल बड़थ्वाल को दी श्रद्धाजंलि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : समाजसेवी कर्नल राजेन्द्र प्रसाद बड़थ्वाल के आकस्मिक निधन पर ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच उत्तराखण्ड के सदस्यों ने गहरा दुःख किया। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में मंच के सदस्यों ने समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद बड़थ्वाल को श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान मंच के अध्यक्ष प्रवेश चन्द्र नवानी ने स्व. कर्नल बड़थ्वाल को एक महान समाजसेवी बताया। वह अनके संस्थाओं से जुड़े रहे। उन्होंने अपना जीवन समाजिक सेवाओं के लिए अर्पित किया। श्रद्धाजंलि देने वालों में डॉ. रमेश चंद्र नैथानी, शिव प्रकाश कुकरेती, प्रकाश कोठारी, राकेश लखेड़ा, नरेन्द्र सिंह रावत, धीरज सिंह बिष्ट, जनार्दन प्रसाद ध्यानी आदि शामिल थे।

## अफसर अलर्ट मोड़ पर रहे, बंद सड़के खोलने के लिए तेजी से करें काम

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिले में मानसून को देखते हुए जिलाधिकारी ने अफसरों को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोनिवि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे विभागों को क्षतिग्रस्त हो चुके सड़कों पर यातायात सुचारू करने के लिए तेजी से कार्य करने, विद्युत विभाग को विभिन्न क्षेत्रों में झूलते हुए विद्युत तार, टेढ़े मेढ़े पोल को ठीक करने को कहा है।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने जिले के सभी एसडीएम को तहसील में स्थापित कंट्रोल रूमों के माध्यम से सभी गांवों से सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, निकट डिलीवरी होने वाली प्रेग्नेट महिलाओं की जानकारी का डाटा तैयार रखने, पटवारी के माध्यम से विभिन्न गांव में घर, गौशाला, पशुधन आदि की किसी तरह से कोई क्षति पहुंचने पर सूचना प्राप्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने नगर आयुक्त नगर निगम कोटद्वार व एसडीएम को विभिन्न जल भराव वाले क्षेत्रों में जल की सुगम निकासी दुरुस्त करने, डेंगू मलेरिया की संभावना को देखते हुए क्षेत्र में फागिंग करवाने, विभिन्न क्षेत्रों में मानसूनी बरसात से प्रभावित लोगों के लिए राहत कैंप स्थापित करने के निर्देश दिए। जिलापूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने बताया कि कोटद्वार मैं मानसूनी बरसात से प्रभावित लोगों को कौड़िया गब्बर सिंह कैप, गुरुनगर, गुरुद्वारा लोगों को फूड पैकेट वितरित किए जा रहे है। इसके अतिरिक्त 30 परिवारों को ऋषिकेश व 6 परिवारों को पोखाल चुना बहेड़ा में फूड पैकेट वितरित किए गए। बैठक में एसडीएम अजयवीर सिंह, संदीप सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, अधिशासी अभियंता दिनेश नौटियाल आदि शामिल थे।

# प्रदेश सरकार आपदा के प्रति गंभीर नहीं : हिंदवाण

## आपदा के लिए अवैध खनन को ठहराया जिम्मेदार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण ने आपदा को लेकर प्रदेश सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। कहा कि पूरे प्रदेश में भंयकर आपदा आ रखी है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री आपदा क्षेत्रों का दौरा भी नहीं कर पा रहे है। जिससे भाजपा सरकार की जनता की जबाबदेही का पता चलता है। कहा कि प्रदेश सरकार आपदा के प्रति गंभीर नहीं है। प्रदेश में भयंकर आपदा के चलते तमाम सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है। आपदा के चलते वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा की संवेदनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

बदरीनाथ मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण ने सरकार पर आपदा की अनदेखी का आरोप लगाया। कोटद्वार विधानसभा में आई आपदा को लेकर भाजपा के कार्यकाल में हुए अवैध खनन को जिम्मेदार बताया। कहा कि अवैध खनन के कारण मालन नदी, खोह नदी के पुल ढह गए है। आपदा के चलते कई पुलिया ढह गई है। कई मकान आपदा की भेंट चढ़ चुकें है। मालन नदी में बना वैकल्पिक काजवे भी पानी के बहाव में बह गया है। उन्होंने कहा कि आनन-फानन में आपदा के कार्यो को करवाया जा रहा है। आपदा के कार्यों में जनता के पैसों की बंदर बांट की जा रही है। मालन नदी पर काजवे बनाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की राय नहीं ली गई है। जिससे काजवे एक ही बारिश में आपदा की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कण्वाश्रम मोटर मार्ग की स्थिति को सुधारे जाने की मांग की है। कहा कि कण्वाश्रम मोटर मार्ग ही वर्तमान में एक मात्र विकल्प है। जिसे सुधारे जाने की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश में खराब स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में झोलाछाप डाक्टरों के भरोसे ही स्वास्थ्य सेवाए चल रही है। अग्निवीर योजना को भी युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाली योजना बताया। उन्होंने प्रदेश सरकार से आपदा प्रभावितों की सुध लेने, बेधर लोगों का पुर्नवास करने, जान माल की क्षति की परिपूर्ति करने की मांग की है। इस मौके पर कांग्रेस नेता मदन सिंह गुंसाई मौजूद रहे।



कांग्रेस प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ली पंच प्रण की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अयोजित होने वाले कार्यक्रमों के क्रम में नगर सीमान्तर्गत पंच प्रण एवं सेल्फी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मिट्टी लेकर पंच प्रण शपथ ली गयी।

वहीं वसुधा वन्दनम के अंतर्गत 75 फलदार वृक्षों की अमृत वाटिका बनाई गई। साथ ही मिट्टी यात्रा के लिए अमृत कलश यात्रा प्रारंभ की गई। जिसे कर्तव्य पथ पर पहुंचने हेतु नगर निगम कोटद्वार ले जाया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सीमा रावत, वार्ड सभासद 4 आरती देवी, नामित सभासद भागवंती देवी, वेद प्रकाश वर्मा, विनोद घिल्डियाल, मधुगंगा स्वयं सहायता समूह, संकल्पना स्वयं सहायता समूह, जागृति स्वयं सहायता समूह एवं नगर पंचायत के कर्मचारी रत्नेश बौंठियाल, आशुतोष नोटियाल, मिलन, नरेश आदि मौजूद थे।



मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पंच प्रण की शपथ लेते हुए।

## शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग

**पौड़ी** : राजकीय शिक्षक संघ की जनपदीय व ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारियों की मुख्य शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक की। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के चयन, प्रोन्नत वेतनमान के लिए सितंबर महीने में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। इससे पूर्व संघ की ओर से नव नियुक्ति सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ का स्वागत भी किया गया।

शिक्षा परिसर में आयोजित बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के स्थाईकरण की प्रक्रिया में ब्लॉक स्तर पर आ रही आपत्तियों, समग्र शिक्षा के स्कूलों के शिक्षकों का वेतन आहरण न होने पर चिंता जताते हुए सीईओ को समस्या बताई। बताया गया कि इस मामले में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने संघ पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में किए गए कार्यों के लिए उपार्जित अवकाश हेतु आदेश निर्गत करने की भी मांग की। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसांई, जिला मंत्री विजेन्द्र बिष्ट, मनोज काला, संगठन मंत्री कंचन लिंगवाल, मेहरवान सिंह भंडारी, हरदीप रावत, सुरजीत रावत, जयकृत भंडारी, अब्बल सिंह, पंकज मुयाल, राकेश भारती आदि शामिल रहे।

## बगीचा-मुंडोली मार्ग खस्ताहाल, दुर्घटना का बना खतरा

**श्रीनगर गढ़वाल** : लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अंतर्गत बगीचा-मुंडोली-गुरूछोली मोटर मार्ग की स्थिति खस्ताहाल बनी हुई है। इस मार्ग पर आठ किमी. के दायरे में सवारियों व वाहनों के पुर्जे बुरी तरह से हिल रहे हैं। मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे होने से आवाजाही में बड़ी दिक्कतें बनी हुई हैं। जिससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

बगीचा-मुंडोली मोटर मार्ग से कड़कोटी, मुंडोली, सेमली, सिरोला, जोगीमड़ी, गुरूछोली, गौंली, पाटाखाल, बरसोली आदि गांवों के लोग लाभान्वित होते हैं। पूर्व में यह मार्ग पीएमजीएसवाई के अधीन था। इस विभाग द्वारा मार्ग के रखरखाव पर ध्यान न दिए जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गत अप्रैल माह में यह मार्ग अब पीडब्लूडी कीर्तिनगर के अधीन आ गया है। जिसके लिए पीडब्लूडी के स्तर से मार्ग के डामरीकरण के लिए करीब एक करोड़ का स्टीमेट तैयार किया गया है। लोनिवि के सहायक अभियंता यतिंद्र सिंह रावत का कहना है कि बगीचा-मुंडोली मार्ग करीब 8 किमी. लंबा है, जो अप्रैल माह में ही लोनिवि को पीएमजीएसवाई से हस्तांतरित हुआ है। इस मार्ग पर पूरी तरह से डामरीकरण के लिए करीब एक करोड़ के बजट का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बजट मिलते ही डामरीकरण का कार्य शुरू होगा। (एजेंसी)

## ग्रामीणों को दिलाई पंचप्रण की शपथ

**पौड़ी** : ब्लाक पौड़ी के चंदोला राई, थली, रेवड़ी, केवर्स, कंडारा, कांडई मल्ली, धनाऊ मल्ला सहित विभिन्न गांवों में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत हाथों में मिट्टी लेकर ग्रामीणों को पंचप्रण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सेल्फी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शनिवार और रविवार को ग्राम पंचायतों में वसुधा वन्दन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय प्रजाति के पौधों का रोपण होगा। खंड विकास अधिकारी दिनेश नेगी, सहायक खंड विकास अधिकारी डीपीएस नेगी ने बताया कि 14 अगस्त को ग्राम पंचायतों में स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के परिवारों को सम्मानित किए जाने के लिए वीरों का वन्दन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी का जताया आभार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश रावत को बेरोजगार बिल ड्राफ्टिंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने खुशी जताई।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट जसबीर राणा ने कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि प्रवेश रावत कांग्रेस हाईकमान द्वारा दी गई, जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करेगें। खुशी जताने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल, कृष्णा बहुगुणा, बलवीर सिंह रावत, अमित राज, महेन्द्र पाल सिंह, नईम अहमद, कपिल जोशी, सत्येन्द्र बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, बीरेन्द्र रावत, विकास शाह, शहनाज शम्शी, संदीप रावत, अमित नेगी आदि शामिल थे।

# हमेशा भगवान भक्तों के वश में होते है : आचार्य बडोला



शिव मंदिर एकेश्वर में शिव महापुराण कथा सुनते हुए श्रद्धालु।

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली :** शिव मंदिर एकेश्वर में चल रहे शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस में सुनने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ पड़े। कथा सुनने के लिए दूर दराज गांवों से शिवभक्त पहुंच रहे है।

कथा वाचक आचार्य विजय प्रकाश बडोला ने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी तरह से भी प्रकट हो जाते हैं। भक्त प्रहलाद की कथा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान प्रहलाद की रक्षा के लिए स्वयं नरसिंह भगवान बनाकर प्रकट हो गये। उन्होंने कहा भगवान भक्तों के बस में होते हैं और जब-जब भी भक्तों पर दुःख और संकट आते हैं और भक्तों ने सच्चे मन से याद करता है तो भगवान उसकी रक्षा चले तुरंत आते हैं। वहीं उन्होंने गज और ग्रहा की कथा का विवरण देते हुए कहा कि एक हाथी के करुण वेदना पर भगवान अपना सुदर्शन लेकर आए नंगे पैर ही दौड़कर चल पड़े और हाथी की रक्षा की। इस मौके पर हरिओम पांडे, श्रीमती गीता देवी, हरेन्द्र सिंह रावत, प्रदीप सिंह रावत शिव मंदिर कल्याण समिति के अध्यक्ष कुलदीप जोशी, उपाध्यक्ष हरीश बडोला, कोषाध्यक्ष तेजपाल पंवार, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश जदली, पंडित राकेश हिंदवाण, नरेन्द्र पसबोला, दीपक बडोा, सूरज धस्माना सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लगाया हिंसा को अनदेखा करने का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मणिपुर हिंसा को लेकर आक्रोशित कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि केंद्र सरकार हिंसा को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

शुक्रवार को जिला अध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील तिराहे के समीप एकत्रित हुए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नाकामियों से मणिपुर राज्य पूरी तरह हिंसा की आग में जल गया है।

लेकिन, देश के प्रधानमंत्री एक बार भी मणिपुर की स्थिति को देखने के लिए नहीं गए। सरकार की हिटलरशाही नीतियों के कारण ही देश में हिंसा जैसी स्थितियां पैदा हो रही हैं। सरकार आवाज उठाने वालों को खिलाफ ही कार्रवाई कर रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण अधीर रंजन चौधरी है। जिन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया है। कहा कि कांग्रेस देशवासियों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। पुतला दहन करने वालों में पूर्व राज्य मंत्री जसवीर राणा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, अमित राज सिंह, गोपाल सिंह गुसाईं, धर्मपाल बिष्ट, बलवीर सिंह रावत, मीना बछवाण, कृष्णा बहुगुणा, नईम अहमद, नीरज रौतेला, विकास शाह आदि शामिल रहे।



कोटद्वार में केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

## विधायक ने किया सजवाण कांडा पेयजल योजना का शिलान्यास

**श्रीनगर गढ़वाल** : देवप्रयाग विधानसभा के अंतर्गत् जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत सजवाण कांडा पम्पिंग पेयजल योजना के सुद्दढ़ीकरण एवं तत्तसम्बंधी कार्य का शुक्रवार को विधायक विनोद कंडारी ने विधिवत शिलान्यास किया। दो करोड़ 15 लाख 19 हजार रूपए के बजट से होने वाले पेयजल योजना के सुद्दढ़ीकरण का शिलान्यास करने पर क्षेत्रीय लोगों ने विधायक कंडारी का आभार प्रकट किया।

विधायक ने कहा कि पंपिग योजना के सुद्दढीकरण का कार्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के 7 गांवों को घर-घर शुद्ध पानी मिलने से पानी की समस्या हल होगी। उन्होंने संबंधित विभाग को पेयजल योजना निर्माण में किसी भी तरह की कोताही न बरते जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज सजवाण कांडा स्कूल को स्मार्ट क्लास के लिए 3 लाख रूपए देने की घोषणा की। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में देवप्रयाग के विद्यालय हाईटेक बने इसके लिए वह प्रयासरत हैं। इस मौके पर देवप्रयाग मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी, आशोक तिवारी, राइंका सजवाण कांडा के प्रधानाचार्य विमल कांत उनियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पत्रकारिता में प्रवेश की वरीयता सूची जारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में बीए (ऑनर्स) पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रथम सेमेस्टर की प्रथम वरीयता सूची जारी हो गई है। प्रवेश समिति के संयोजक प्रो. प्रशांत कंडारी ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में सीयूईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 219 आवेदकों में से कुल 65 उम्मीदवारों को बीए (ऑनर्स) पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयनित किया गया है।

पहली मेरिट सूची में 31 अनारक्षित, 9 एससी, 16 ओबीसी, 7 ईडब्ल्यूएस, 2 एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। पहली मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रवेश के लिए दूसरी वरीयता सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची में चयनित आवेदकों को समर्थ पोर्टल पर लॉगइन कर अपनी यूजर आईडी बनाकर प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। कहा प्रवेश शुल्क 16 अगस्त तक ऑनलाइन के माध्यम से जमा करना होना है। फीस जमा करने के बाद आवेदकों को विधिवत भरे हुए प्रवेश पत्र सहित हाईस्कूल, इंटरमीडियट, टीसी, सीसी, आरक्षण प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ चौरास परिसर में काउंसलिंग सत्र में भाग लेना होगा। काउंसलिंग 17-18 अगस्त 2023 को पत्रकारिता एवं जनसंचार केंद्र, चौरास परिसर में होगी। (एजेंसी)

## 14 अगस्त को सम्मानित होगें मेधावी छात्र

**पौड़ी** : गढ़वाल पट्टी खाटली सामाजिक विकास मंडल किदवई नगर दिल्ली द्वारा हाईस्कूल, इंटर परीक्षा में इस वर्ष 75 प्रतिशत से जादा अधिक अंक प्राप्त करने वाले खाटली के छात्रों को 14 अगस्त वीरबाला तीलू रौतेली सभागार बीरोंखाल में सम्मानित किया जाएगा। गढ़वाल खाटली दिल्ली सामाजिक विकास मंडल अध्यक्ष सतीश गौनियाल ने बताया कि मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रहा हैं।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित



अल्मोड़ा। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के सभागार में वीरों का वन्दन कार्यक्रम के तहत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एस.एस.बी. एवं आई.टी.बी.पी. के अधिकारी एवं जवान तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एस.एस.बी के जवानों द्वारा बैण्ड वादन से किया गया, तत्पश्चात पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी द्वारा झण्डारोहण किया गया, जिसमें एस.एस.बी के जवानों ने मधुर धुन में बैण्ड की प्रस्तुति की। साथ ही एस.एस.बी के जवानों द्वारा देश भक्ति के गाने गाकर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर देश भक्ति का जोश भर दिया। तत्पश्चात पालिका सभागार में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को पालिका द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। उप समादेशक एस.एस.बी. के दीवाकर भट्ट ने कहा कि देश की आन–बान और शान के लिए अपना सर्वोच्च निछावर कर देंगे, और भारत माता के ऊपर किसी प्रकार का संकट नहीं आने देंगे। आई.टी.बी.पी. के सूबेदार इंस्पेक्टर निशान्त फौगाट एवं वृज मोहन सिंह ने भी आजादी के अमृत महोत्सव पर वीरों को नमन करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सभी लोगों ने पंच प्रण शपथ ग्रहण की तथा बैण्ड वादन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## दर्जनों युवाओं ने थामा उक्रांद का दामन

बागेश्वर।उपचुनाव की सरगर्मियां लगातार तेज हो रही हैं। राजनैतिक पार्टियां अपने–अपने कुनबे को बढ़ाने में लगातार जोर दे रही हैं। शुक्रवार को कई युवाओं ने उक्रांद की सदस्यता ग्रहण की है। बागेश्वर में शुक्रवार को उक्रांद के तहसील स्थित कार्यालय में पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी चयन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने की। इस दौरान दो दर्जन से अधिक युवाओं ने युवा नेता अर्जुन देव के नेतृत्व में उत्तराखंड क्रांति दल का दामन थामा। जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल लगातार मजबूती से आगे बढ़ रही है। बागेश्वर विधानसभा में वह मजबूती से उपचुनाव लड़ेगी और भारी मतों से चुनाव जीतेगी।

# धारचूला में कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला जलाया



पिथौरागढ़। सांसद अधीर रंजन के निलंबन पर कांग्रेस से नाराजगी जताई है। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला जलाते हुए कहा कि मोदी सरकार अपने ऊपर उठने वाली आवाज को दबा देना चाहती है, जोकि लोकतंत्र की हत्या है। शुक्रवार को नगर में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पुतला जलाया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद अधीर रंजन का निलंबन दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संसद में मणिपुर की घटना के विरोध में सरकार से जवाब मांगा था, लेकिन सरकार ने जवाब तो नहीं दिया उल्टा उन्हें ही निलंबित कर दिया। जो सरासर गलत है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नंदा बिष्ट ने कहा कि सरकार तानाशाही पर उतर आई है। यहां इन्द्रा धामी, जानकी देवी, भागीरथी ह्यांकी, पुष्पा गुंज्याल, नीरू, बीसना, नृप सिंह गर्ब्याल, रूप सिंह दानू, सज्जाद हुसैन, हिमांशु ह्यांकी, जीवन चंद, प्रेम गर्ब्याल, नवनीत, जीवन रोतेला, अमर तत्वाल आदि मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण को अतिरिक्त भूमि चिह्नित करें: डीएम

रुद्रपुर। जिला कार्यालय सभागार में डीएम उदयराज सिंह की अध्यक्षता में पन्तनगर एयरपोर्ट पर्यावरण प्रबन्धन समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए अतिरिक्त भूमि चिह्नित करते हुए निर्धारित की जाए। ताकि आवश्यकता पड़ने पर अविलम्ब भूमि उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि अधिक ऊंचाई वाले पेड़ों की सुरक्षात्मक दृष्टि से लॉपिंग की जाए। वन्य जीवों की दखल एयरपोर्ट क्षेत्र में न हो, इसके लिए निरंतर गश्त की जाए और परिसर में उगने वाली झाड़ियों की समय–समय पर सफाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एयरपोर्ट के आसपास किसी खुले स्थान पर मीट की बिक्री न हो। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि बड़े पक्षी एयरपोर्ट क्षेत्र में न मंडराएं। एयरपोर्ट के नजदीक पुराने ट्रंचिंग ग्राउण्ड से पॉलीथिन हटाने संबंन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विमान क्षेत्र के दोनों तरफ पानी की उचित निकासी तथा पीडी एनएचएआई को नालों की सफाई के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि नालों से पानी बैक न हो, इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर शहर तक सफाई के लिए चरणबद्ध ढंग से आपसी समन्वय से कार्य किया जाए।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट एके सक्सैना, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी का आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

चम्पावत। पुलिस ने जिले के एक व्यक्ति से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पूर्व में ही केस दर्ज किया था। जुलाई में टनकपुर निवासी नवीन चंद्र उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अज्ञात ठग ने उनसे नए टीवी के इंस्टॉलेशन करने की बात कह मोबाइल में रस्ट डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करवा दी। जिसके बाद उसके खाते से साइबर ठग ने 8.97 लाख हड़प लिए। मामले की विवेचना एसआई दिलबर सिंह भंडारी को सौंपी गई। एसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस टीम गठित कर अति शीघ्र घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। सर्विलांस सेल के सहयोग से पुलिस टीम ने आरोपी को झारखंड से दबोचा है।

## पालिका ने चोक हुई नालियों की सफाई की

चम्पावत। टनकपुर में भारी बारिश से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हुए जलभराव की निकासी के लिए स्थानीय प्रशासन और नगरपालिका ने चोक हुई नालियों की सफाई की। नगरपालिकाध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा और तहसीलदार पिंकी आर्या के निर्देश में नगर में बारिश से जगह–जगह चोक हुई नालियों की जेसीबी के जरिए सफाई की गई। शुक्रवार को शारदा घाट, सब्जी मंडी, आरएफसी रोड, रोडवेज स्टेशन, तहसील एरिया, पिथौरागढ़ चुंगी, पीलीभीत चुंगी सहित कई जगहों में चोक हुई नालियों की सफाई की गई। नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने बताया कि नगर के तमाम वार्डों में अभियान चलाया गया। यहां कानूनगो एसके उनियाल, अमर सिंह मंगला, वीरेंद्र पुंडीर, वरिष्ट लिपिक वसंत चंद, विनोद बिष्ट, अनुराग, राकेश, अजय, नरोत्तम आदि रहे।

# नगर पालिका के लिए सिरदर्द बन रहे आवारा जानवर



अल्मोड़ा। आवारा पशुओं की समस्या से नगर की जनता को निजात नहीं मिल रही है। नगर पालिका ने इसी साल मार्च माह में 19 आवारा पशुओं को बाजपुर गोसदन भेज दिया था, वहीं अगस्त माह में 02 गौवंश को ज्योली गौसदन भेजा गया था। लेकिन नगर की सडकों पर आवारा, पालतू गौवंश की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

नगर की सडकों पर आवारा जानवरों ने डेरा डाल दिया है। आवारा जानवरों के कारण जहाँ एक ओर राहगीरों को खतरा बना हुआ है वहीं आए दिन यातायात भी प्रभावित हो रहा है। बता दें कि नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों द्वारा दूध देने में असक्षम गायों को छोड़ दिया जाता है तो वहीं कई पशुपालक अपने जानवरों को चरने के लिए छोड़ देते हैं जिसके बाद यह जानवर सड़कों पर इधर–उधर घूमते हुए सड़कों पर ही अपना डेरा डाल लेते हैं।

अल्मोड़ा नगर में इस समय बड़ी संख्या में आवारा जानवर घूम रहे हैं जिनमें से कई जानवरों के कान पर टैग भी लगे हुए हैं। कई बार सड़कों पर घूमने वाले जानवर राहगीरों पर भी हमला कर चुके हैं। नगर की मुख्य सड़क पर जानवर आने से कई बार सड़क पर जाम लग जाता है। समस्या को देखते हुए नगरपालिका ने मार्च 23 में 19 आवारा पशुओं को बाजपुर गौसदन और अगस्त माह में 02 जानवरों को ज्योली स्थित गौ सदन भेजा गया। वर्ष 2015 से वर्तमान तक पालिका द्वारा 205 मवेशी बाजपुर गौसदन भेजे जा चुके हैं। नगर में आवारा पशुओं की समस्या को पालिका सभासद पिछली बोर्ड बैठक में भी उठा चुके हैं व कई बार पालिका के समक्ष भी रखा है लेकिन नगर में आवारा पशुओं की समस्या कम नहीं हो रही है।

# नदी में कूड़ा फेंकने वालों पर की जाय कार्यवाही: जिलाधिकारी



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में आज नवीन कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गंगा कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व बैठकों में दिये गये निर्देशों के क्रम में किए गए कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि नदी किनारे पड़ने वाले शहरी क्षेत्र व ग्राम पंचायतों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन किया जा रहा या नहीं इसका समय–समय पर निरीक्षण किया जाय ताकि हम अपने जनपद की नदियों को स्वच्छ रख सकें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समय–समय पर कोसी नदी व सहायक नदियों के आस–पास स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाय जिससे लोगों को नदियों के संरक्षण व स्वच्छता के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने जिला पंचायत व खण्ड विकास अधिकारी हवालबाग को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर लोगों द्वारा कूड़ा फेंका जा रहा है उन्हें चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी ने कोसी पुर्नजनन अभियान समन्वयक को निर्देश दिये कि कोसी नदी व सहायक नदियों के संरक्षण के लिये किए जा रहे कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि नदियों के किनारे अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ककरा नाले में मिला महिला का शव, नहीं हुई शिनाख्त

रुद्रपुर। सुरई रेंज के ककरा नाले से पुलिस को एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान न होने पर पुलिस ने शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने सुरई रेंज के कक्ष संख्या नौ स्थित ककरा नाले में एक महिला शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट को दी। पुलिस के साथ कंचनपुरी के प्रधान खलील अहमद भी मौके पर पहुंचे।

वन विभाग के रेंज अधिकारी आरएस मनराल, डिप्टी रेंजर सतीश रेखाड़ी, वन दरोगा अजमत खान भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन शव की शिनाख्त न होने पर मोर्चरी में रखवा दिया।

# डॉ. परगाई को जिला अस्पताल अटैच करने पर ग्राम प्रधान संगठन नाराज

बागेश्वर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में तैनात ऑर्थोपैडिक सर्जन आशीष परगाई को जिला अस्पताल में संबद्ध कर दिया गया है। इससे प्रधान संगठन नाराज हो गया है। प्रधान संगठन ने ऑर्थोपैडिक सर्जन को तीन दिन बैजनाथ अस्पताल में तैनात करने की मांग की है। इधर, जिला मुख्यालय में डॉक्टर के आने से मरीजों को राहत की उम्मीद है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजे ज्ञापन में प्रधान संगठन के प्रदेश महामंत्री व भकुनखोला के ग्राम प्रधान हिमांशु खाती ने कहा है कि जिला अस्पताल के ऑर्थोपैडिक सर्जन के छुट्टी पर चले जाने से बैजनाथ अस्पताल में तैनात आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. आशीष परगाई को पूरे सप्ताह के लिए जिला अस्पताल में तैनात कर दिया गया है। इससे बैजनाथ में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी बैजनाथ में एक सर्जन पहले से ही अवकाश पर हैं। उन्होंने कहा कि यहां कत्यूर घाटी के अलावा गढ़वाल के ग्वालदम, थराली, देवाल, तलवाड़ी आदि क्षेत्रों से भी प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। यहां ऑर्थोपैडिक सर्जन न होने से दर्जनों मरीजों को प्रतिदिन वापस लौटना पड़ रहा है। उन्होंने ऑर्थोपैडिक सर्जन को जनहित में सोमवार, मंगलवार व बुधवार को बैजनाथ अस्पताल में और गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार को जिला अस्पताल में तैनात किया जाए। इससे दोनों अस्पतालों में काम सुचारु रूप से चलता रहेगा। इधर, जिला अस्पताल में तीन दिन बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ के आने से लोगों को राहत मिली है। शुक्रवार को मरीजों ने डॉक्टर की सलाह ली और इलाज कराया।

## लंपी से तीन मवेशियों की मौत

चम्पावत। लंपी रोग से लगातार मवेशियों की मौत का सिलसिला जारी है। बाराकोट में तीन दिन में तीन मवेशियों की मौत हो गई है। लोगों ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग उठाई। लड़ीधूरा शैक्षिक एंव सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष नगेन्द्र जोशी ने बताया कि ग्राम सभा पम्दा में ममता जोशी की एक दुधारु गाय, एक बछिया और कमला जोशी की एक 18 महीने की बछिया की मौत हो गई है।

# दो किलो, 930 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार



बागेश्वर। विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर एसएसटी व कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को नशे के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने दो किलो, 930 ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई होगी। शुक्रवार को अपने कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कैलाश नेगी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व एसएसटी की संयुक्त टीम शुक्रवार को गश्त पर थी। चेकिंग के दौरान बालीघाट तिराहे पर दो व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दिए। तलाशी लेने पर भूपल उर्फ भूपाल पुत्र भागीचंद्र सिंह निवासी झूनी के कब्जे से एक किलो, 630 ग्राम और प्रताप सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवसी सूपी के पास एक किलो, 300 ग्राम चरस बरामद की गई। दोनों के पास से दो किलो, 930 ग्राम चरस पकड़ी गई। दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 8/20 /60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों को चरस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी ने बताया कि दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जाएगा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने घर में भांग की खेती कर चरस बनाते हैं। उसे बाहरी जिलों, राज्यों में तस्करी कर उच्च दामों पर बेचते हैं। मामले की पूछताछ की जा रही है। एसपी कोंडे ने बताया कि चरस तस्करी से कमाई की गई संपत्ति के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## सांसद के निलंबन पर भड़के कांग्रेसी, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

रुद्रपुर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौक पर विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार से जबाब मांगने पर सांसद अधिरंजन दास चौधरी को निलंबित कर दिया गया। केंद्र सरकार की इस तानाशाही पर आक्रोश प्रकट करते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिटलर करार दिया। कहा कि मणिपुर हिंसा पर पूछे जाने वाले सवालों का केंद्र सरकार कोई जवाब नहीं दे रही।

# विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन

बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के मद्देनजर शुक्रवार को पहली रेंडमाइजेशन प्रक्रिया हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का रेंडमाइजेशन एनआईसी कक्ष में किया गया। वहीं पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों की तैनाती हो चुकी है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उप निर्वाचन में 260 पीठासीन अधिकारी, 260 मतदान अधिकारी प्रथम, 260 द्वितीय व 260 तृतीय मतदान कार्मिकों समेत कुल 1040 कार्मिकों की तैनाती की गई है। जिनको 18 अगस्त को प्रथम व 24 अगस्त को दूसरा प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। उप निर्वाचन के लिए 188 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें एक सखी व एक पर्दानशी बूथ बनाया गया जाएगा। सखी बूथ में सभी महिला मतदान कार्मिक तैनात होंगी, जबकि पर्दानशी बूथ पर एक महिला कार्मिक तैनात होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे मतदान में लगे अपने–अपने कार्मिकों को ड्यूटी आदेश वितरित करना सुनिश्चित करेंगे। रेंडमाइजेशन में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, नोडल कार्मिक संगीता आर्या, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या उपस्थित थे।

### पहले दिन दो नामांकन पत्र खरीदे

बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरे दिन नो नामांकन पत्र बिके। रिटर्निंग ऑफिसर हरगिरि ने बताया कि शुक्रवार को दो नाम निर्देशन पत्रों की ब्रिकी हुई, जिसमें देवकी देवी व हरिराम शास्त्री ने नामांकन पत्र खरीदा।चुनाव आयोग के नियमों का पालन करें प्रिंटर स्वामी

बागेश्वर। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने प्रिंटर, प्रेस स्वामियों को चुनाव आयोग का पाठ पढ़ाया। उन्हें निर्देश दिए कि राजनैतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन संबंधी कोई भी पैंफलेट, पोस्टर, बैनर, हैंडबिल आदि जो भी प्रेस में छपाई जाती है, उन्हें निर्धारित प्रपत्रों में वांछित सूचना के साथ और छपने वाली समस्त सामग्री की एक–एक प्रति तत्काल निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेस स्वामी मुद्रित, प्रकाशित की जाने वाली सामग्री में मुद्रित करने वाले प्रेस का नाम एवं मुद्रित किए जाने वाले सामग्री की संख्या प्रिंट लाइन अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा।

# दुष्कर्म व धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के मामले में आरोपी को नहीं मिली जमानत

अल्मोड़ा। विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला के न्यायालय ने उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2018 के आरोपी की जमानत खारिज अर्जी खारिज हो गई है। आरोपी मो. चांद पुत्र मो. शरीफ निवासी कचहरी लाइन रानीखेत जिला अल्मोड़ा का रहने वाला है। उसके खिलाफ धारा–366 376 506 ताvहि० व 3<5 उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर जेल भेजा है। अभियुक्त ने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी जमानत के लिए अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा ने अभियुक्त की जमानत दिए जाने का घोर विरोध किया। उन्होंने न्यायालय को यह बताया कि वादी मुकदमा द्वाराहाट तहसील क्षेत्र निवासी ने कोतवाली रानीखेत में अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस उपनिरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट ने नरसिंह ग्राउंड रानीखेत से अभियुक्त मो चांद की बाइक पर गुमशुदा महिला को बुरका पहने पकड़ा। पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने आरोपी पर उसे नैनीताल ले जाने व शारीरिक शोषण करने, धर्म परिवर्तन करने के लिए उकसाने के साथ जाने से मारने की धमकी दिये जाने के आरोप लगाए। गुमशुदा के बयानों के आधार पर आपराधिक प्रकरण का मामला पाये जाने पर पुलिस ने थाना रानीखेत में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता ने धारा 161 व 164 में अपने बयान दिए। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा ने आरोपी मो. चाँद की जमानत का विरोध किया। कहा कि अभियुक्त को जमानत मिलने पर उसके गवाहों को डरा धमकाकर व साक्ष्य में छेड़छाड़ किए जाने की पूर्ण संभावना है। जमानत दिए जाने पर अभियुक्त के फरार हो जाने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

## वेतन से मनमानी कटौती पर भड़के सुरक्षा गार्ड

रुद्रपुर। विवि के सुरक्षा गार्डों ने उनके वेतन से दो से तीन हजार रुपये की कटौती किए जाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को सुरक्षा विभाग का घेराव कर दिया। एजेंसी पर वित्तीय मनमानी का आरोप लगाया। सुरक्षाधिकारी के एजेंसी संचालक को बुलाकर वार्ता करने के आश्वासन के बाद गार्ड शांत हुए। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की सुरक्षा के लिए लगभग चार सौ गार्ड नियुक्त हैं। विवि का गत अप्रैल माह में नई सुरक्षा एजेंसी एसआईएस के साथ अनुबंध हुआ है।

# अध्यापन पेशे में आने वाली चुनौतियों एवं बाधाओं पर कार्यक्रम आयोजित

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में बीएड एवं एमएड प्रशिक्षुओं के लिए शिक्षक शिक्षा में पेश आने वाली चुनौतियों एवं बाधाओं, प्रभावित करने वाले कारक और भविष्य के प्रति सकारात्मक नजरिया बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय समूह केंद्रित परिचर्चा (फोकस ग्रुप डिस्कशन) का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शिक्षा संकाय के सभागार में आयोजित फोकस ग्रुप डिस्कशन का शुभारंभ करते हुए संकायाध्यक्ष प्रो. भीमा मनराल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक शिक्षा को नवाचारी एवं छात्र केंद्रीय बनाने के लिए सरकार की ओर से अथक प्रयास किये जा रहे हैं। प्राध्यापकों को पेशे में आ रहे प्रशिक्षुओं को शिक्षक शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रही शिक्षा संकाय की सहायक प्राध्यापक डॉ ममता असवाल ने शिक्षक शिक्षा के प्रति वर्तमान दृष्टिकोण, सीखने– सिखाने में सकारात्मक माहौल, क्षमता आधारित शिक्षा में कौशल विकास, दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों और ज्ञानात्मक पहलुओं पर के विस्तार पूर्वक परिचर्चा की। उत्तराखंड सेवानिधि पर्यावरण संस्थान जाखनदेवी के सन्दर्भदाता आशीष पांडेय ने शिक्षक शिक्षा में एनजीओ की भूमिका, नवोन्वेषी कार्यक्रमों के कारण प्रभाव, आकांक्षा स्तर और अभिप्रेरणा, अध्यापक व्यवसाय के पर नजरिए पर प्रशिक्षुओं के साथ परिचर्चा की।

सम्पादकीय

# डेंगू पर आधी अधूरी व्यवस्थाएं

मौसमी बीमारियों के साथ ही आम आदमी की जेब पर भी उपचार के लिए बोझा बढ़ जाता है। इन दिनों बरसात के दौरान अब पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रभाव फैलने लगा है और सरकारी व्यवस्थाएं धीरे–धीरे कमजोर पड़ने लगी है। सरकारी अस्पतालों में बेड की समुचित व्यवस्था ना होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है जहां डेंगू का इलाज सरकारी अस्पतालों की अपेक्षा बेहद महंगा पड़ रहा है। जांच से लेकर डोनर प्लेटलेट्स के लिए व्यवस्था करना सरकारी अस्पतालों में एक बड़ी महाभारत साबित हो रही है। सरकारी अस्पतालों में भी डेंगू मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स के लिए नौ हजार रुपये देने पड़ रहे हैं। जबकि निजी अस्पतालों में मरीजों से 12 हजार रुपये की राशि ली जा रही है। डेंगू के मामले बढ़ने से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की मांग बढ़ रही है। इस पूरे उपचार में एक राहत की बात यही है कि आयुष्मान कार्ड पर भर्ती मरीजों के लिए निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन निजी अस्पतालों में जेब खाली करना एक मजबूरी बन गया है। प्रदेश में डेंगू का प्रभाव पड़ने लगा है जिसके कारण सरकारी अस्पताल में क्षमता से अधिक मरीज है तो वही मैदानी क्षेत्रों में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ाने के साथ ही प्लेटलेट्स की मांग भी पड़ने लगी है। डेंगू के इलाज के लिए सबसे कारगर उपचार प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाना ही है और इसके लिए यह जरूरी है कि ऐसे रक्तदाता उपलब्ध हो जो और वक्त पर मदद के लिए आगे आए। रक्त से प्लेटलेट्स को अलग करना और उसे एक किट की तरह तैयार करना एक जटिल प्रक्रिया होने के साथ–साथ महंगा भी है। सिंगल डोनर से प्लेटलेट्स का जंबो पैक बनाने के लिए किट का इस्तेमाल किया जाता है। बरसात का असर अभी कम होता नजर नहीं आ रहा है और डेंगू के मामले जिस प्रकार से बढ़ रहे हैं उससे यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में यह स्थिति अभी और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। इन परिस्थितियों मे मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी और स्वास्थ विभाग को यह अभी से व्यवस्था चाक चौबंद करनी होगी ताकि डेंगू के कारण किसी मरीज की जान ना जाने पाए। सरकारी अस्पतालों में व्यापक प्रबंध करने होंगे ताकि गरीब मरीज को निजी अस्पतालों के भारी भरकम बिलों से छुटकारा मिल सके। स्वास्थ्य विभाग दावा तो करता है कि सभी मरीजों को सरकारी अस्पतालों में ही हर सुविधा मिलेगी लेकिन और वक्त पर सारे दावे धरे के धरे रह जाते हैं। आज भी डेंगू से ग्रसित मरीजों की एक बड़ी संख्या निजी अस्पतालों के भरोसे है जो की सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की आंखें खोलने के लिए काफी है।

# बिना चर्चा के विधेयक पास होने के खतरे

**दिलचस्प बात है कि आम आदमी पार्टी ने इस बिल को ऐसे पेश किया, जैसे यह इस देश के सामने मौजूद सबसे बड़ा संकट हो। उसके नेताओं ने खुलेआम कहा कि जो इस बिल का साथ दे रहा है वह देशद्रोही है और विपक्ष के नेता खुशी–खुशी इस नैरेटिव को बढ़ाने में उसके साथ शामिल हो गए। संसद के मानसून सत्र में यह एकमात्र बिल है, जिस पर दोनों सदनों में हुई चर्चा में विपक्ष के सांसद शामिल हुए। सोचें, अगर विपक्षी पार्टियां मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री का बयान मांगने के अपने अभियान को स्थगित करके या सीमित करके दिल्ली सरकार से जुड़े बिल पर बहस में हिस्सा ले सकती थीं तो उन्होंने बाकी जरूरी विधेयकों पर बहस में हिस्सा क्यों नहीं लिया? जीएनसीटीडी संशोधन बिल पर बहस से विपक्ष का व्रत नहीं टूटा और वन संरक्षण या मल्टी स्टेट सहकारिता या जन विश्वास या डाटा संरक्षण या माइंस एंड मिनरल्स बिल पर बहस में हिस्सा लेने से व्रत टूट जाता?जिस तरह से पी चिदंबरम ने बिल पास होने के बाद लेख लिख कर रूदन किया है उसी तरह कांग्रेस की प्रवक्ता और सोशल मीडिया सेल की इंचार्ज सुप्रिया श्रीनेत ने ट्विट करके जन विश्वास बिल की आलोचना की। ध्यान रहे यह बिल आम आदमी के लिए बेहद चिंताजनक है। इसमें प्रावधान है कि अगर किसी घटिया दवा से इलाज की वजह से मरीज की तबियत और खराब होती है या उसका निधन होता है तो दवा बनाने वाली कंपनी में किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होगी**

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय वित्त व गृह मंत्री और राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने छह अगस्त को 'इंडियन एक्सप्रेस' अखबार के अपने साप्ताहिक स्तंभ में 'लेजिस्लेटिंग ऑथोरिटेरियनिज्म' शीर्षक से लेख लिखा। इस शीर्षक का मोटा–मोटी अनुवाद यह है कि अधिनायकवाद को विधायी रूप देना या विधायी अधिनायकवाद। उन्होंने अपने लेख में संसद में पेश हुए या पास हुए तीन विधेयकों का जिक्र किया।उन्होने बताया कि कैसे इन विधेयकों के जरिए ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं, जो कानूनी रूप से सही नहीं हैं। उन्होंने सिर्फ तीन विधेयकों का जिक्र किया लेकिन इनके अलावा भी कई विधेयक हैं, जिनसे केंद्र सरकार राज्यों के अधिकार छीन रही है, संघवाद की अवधारणा को चोट पहुंचा रही है और लोगों के निजता के अधिकार को भी चोट पहुंचा रही है। सरकार ने जिस मनमाने तरीके से ये विधेयक तैयार किए और जिस अंदाज में इसे पास कराया उससे देश की संघीय और संवैधानिक व्यवस्था के सामने जैसी चुनौतियां पैदा हुई हैं उनके बारे में चिदंबरम ने लिखा है। लेकिन सवाल है कि जो बातें उन्होंने लेख में लिखी हैं, वह बात उन्होंने संसद में क्यों नहीं कही? उनकी पार्टी कांग्रेस, जो संसद के दोनों सदनों की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है उसने वहां इन बातों को क्यों नहीं उठाया? क्या इसलिए कि उनकी पार्टी मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री से बयान की मांग कर रही थी और सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले रही थी?

जितना बड़ा खतरा चिदंबरम को इन विधेयकों के पास होने से दिख रहा है उतना ही बड़ा खतरा संसद में विधेयकों पर चर्चा नहीं होना या विपक्षी पार्टियों का उस चर्चा में हिस्सा नहीं लेना भी है। ऐसा लग रहा है विपक्षी पार्टियां विधायी लड़ाई संसद के बाहर लड़ रही हैं। यह सही है कि सरकार के पास जिस तरह का बहुमत है उसे देखते हुए विपक्षी पार्टियां विधेयक को रोक नहीं सकती हैं। लेकिन संसद के अंदर अगर विपक्षी पार्टियां बहस में हिस्सा लेतीं तो वे विधेयकों की कमियां सामने लातीं। अपनी तरफ से संशोधन पेश करतीं, बेशक वह संशोधन नहीं मान्य होता। विधेयक की कमियों के बारे में लोगों को जागरूक करतीं। इसके खतरे बतातीं। लेकिन जब संसद में बिल पास हो रहे थे तब विपक्ष संसद परिसर में नारेबाजी कर रहा था और बिल पास हो जाने के बाद विपक्षी नेता लेख लिख कर या ट्विट करके उसका विरोध कर रहे हैं।

पी चिदंबरम ने भी यही काम किया। उन्होंने बताया कि वन संरक्षण संशोधन कानून लागू होने से कितना नुकसान होना है। इस बिल में सहारे बड़े वन क्षेत्र को संरक्षित श्रेणी से हटाया जा रहा है। इसके कई प्रावधान सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और 2006 के वन अधिकार कानून के उलट हैं। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के एक सौ किलोमीटर के अंदर जंगल की जमीन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। सोचें, यह कानून बनने के बाद समूचा पूर्वोत्तर और हिमालय क्षेत्र कितना प्रभावित होगा? इसका पूरा वन क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से सौ किलोमीटर के दायरे में ही



आता है। विपक्ष चाहता था कि बिल पर संसद की स्थायी समिति में विचार हो लेकिन सरकार ने स्थायी समिति की बजाय इसे संयुक्त प्रवर समिति को भेजा और वहां अपने बहुमत के दम पर इसे मंजूर करा लिया। प्रवर समिति के छह विपक्षी सांसदों ने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। इस बिल के कानून बनने से वन आच्छादित क्षेत्र में कमी आएगी, खास कर सीमावर्ती इलाकों में।

इसी तरह मल्टी स्टेट सहकारिता संशोधन कानून है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि केंद्र सरकार की ओर से बनाया गया एक प्राधिकरण सभी सहकारिता सोसायटीज के चुनाव कराएगा। इसके अलावा यह भी प्रावधान किया गया है कि इसके सदस्यों की किसी भी शिकायत का निवारण केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त ओम्बुड्समैन करेगा। तीसरा कानून, जिसका जिक्र पी चिदंबरम ने किया वह दिल्ली सरकार के अधिकारियों के ट्रांसफर–पोस्टिंग से जुड़ा है। इसका नाम जीएनसीटीडी संशोधन कानून है। सुप्रीम कोर्ट ने मई में एक फैसले के जरिए दिल्ली सरकार के अधिकारियों के ट्रांसफर–पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था। लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने एक अध्यादेश के जरिए इस फैसले को पलट दिया और अधिकारियों के ट्रांसफर–पोस्टिंग के लिए तीन सदस्यों का एक प्राधिकरण बना दिया। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे और उनके अलावा दो वरिष्ठ अधिकारी उसके सदस्यों होंगे। फैसला बहुमत से होगा और अंतिम फैसला उप राज्यपाल करेंगे। आमतौर पर माना जा रहा है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के अधिकार छीन कर परदे के पीछे से सरकार चलाने की केंद्र की योजना का यह भी एक पार्ट है।दिलचस्प बात है कि आम आदमी पार्टी ने इस बिल को ऐसे पेश किया, जैसे यह इस देश के सामने मौजूद सबसे बड़ा संकट हो। उसके नेताओं ने खुलेआम कहा कि जो इस बिल का साथ दे रहा है वह देशद्रोही है और विपक्ष के नेता खुशी–खुशी इस नैरेटिव को बढ़ाने में उसके साथ शामिल हो गए। संसद के मानसून सत्र में यह एकमात्र बिल है, जिस पर दोनों सदनों में हुई चर्चा में विपक्ष के सांसद शामिल हुए। सोचें, अगर विपक्षी पार्टियां मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री का बयान मांगने के अपने अभियान को स्थगित करके या सीमित करके दिल्ली सरकार से जुड़े बिल पर बहस में हिस्सा ले सकती थीं तो उन्होंने बाकी जरूरी विधेयकों पर बहस में हिस्सा क्यों नहीं लिया? जीएनसीटीडी संशोधन बिल पर बहस से विपक्ष का व्रत नहीं टूटा और वन संरक्षण या मल्टी स्टेट सहकारिता या जन विश्वास या डाटा संरक्षण या माइंस एंड मिनरल्स बिल पर बहस में हिस्सा लेने से व्रत टूट जाता?

जिस तरह से पी चिदंबरम ने बिल पास होने के बाद लेख लिख कर रूदन किया है उसी तरह कांग्रेस की प्रवक्ता और सोशल मीडिया सेल की इंचार्ज सुप्रिया श्रीनेत ने ट्विट करके जन विश्वास बिल की आलोचना की। ध्यान रहे यह बिल आम आदमी के लिए बेहद चिंताजनक है। इसमें प्रावधान है कि अगर किसी घटिया दवा से इलाज की वजह से मरीज की तबियत और खराब होती है या उसका निधन होता है तो दवा बनाने वाली कंपनी में किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। किसी को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। उसे सिर्फ जुर्माना लगाया जाएगा। यह बात सुप्रिया श्रीनेत ने अपने ट्विट में भी कही। तो सवाल है कि उनकी पार्टी ने यह बात संसद में क्यों नहीं उठाई? जिस समय बिल पास हो रहा था उस समय कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसद क्या कर रहे थे? किसी भी विपक्षी सांसद ने एक शब्द इस विधेयक के बारे में नहीं बोला है।

इसी तरह डाटा संरक्षण बिल का मामला है। इसके प्रावधानों को लेकर अनेक सामाजिक कार्यकर्ता सवाल उठा रहे हैं। सूचना अधिकार के लिए लड़ने वाले कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति की है लेकिन विपक्ष ने लोकसभा में इस पर बहस में हिस्सा नहीं लिया? यह बिल आम नागरिक के निजता के अधिकार को कमजोर करता है। यह बिल सूचना के अधिकार कानून को कमजोर करता है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा प्रचार इस बात का किया जा रहा है कि सरकार डाटा स्टोर करने वाली कंपनियों पर किसी गड़बड़ी में ढाई सौ करोड़ रुपए का जुर्माना लगा सकती है। इसका आम आदमी के लिए कोई मतलब नहीं है। उसके मतलब की बात यह है कि इस बिल में सरकार और सरकारी एजेंसियों को आम आदमी का डाटा हासिल करने और उसकी निगरानी करने के लिए कई तरह की छूट दी गई है। इसमें कहा गया है कि किन किन स्थितियों में सरकार और उसकी एजेंसियों के ऊपर यह कानून लागू नहीं होगा। पहले 2022 में जब यह बिल आया था तब संयुक्त संसदीय समिति ने इस पर विचार किया था तब 90 से ज्यादा संशोधन सुझाए गए थे लेकिन सरकार ने संशोधित बिल लाने की बजाय बिल वापस ले लिया और 2023 में नया बिल पेश किया, जिसमें वो सारे प्रावधान रख लिए गए, जिनका संयुक्त संसदीय समिति में विरोध हुआ था।सो, इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार मनमाने तरीके से कानून बना रही है और शक्तियों का केंद्रीकरण कर रही है। लेकिन इस काम में कुछ हद तक विपक्ष भी शामिल है क्योंकि विपक्षी पार्टियां अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रही हैं। वे राजनीतिक लाभ पहुंचाने वाले मुद्दों को पकड़ कर संसद परिसर में प्रदर्शन करती रहती हैं ताकि अधिकतम मीडिया कवरेज मिले। जबकि उनकी विधायी जिम्मेदारी यह है कि वे सदन में बैठें और सरकार को विधेयकों के मामले में मनमानी करने से रोकें।

# कपड़ों से मेकअप के दाग हटाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

अक्सर जब महिलाएं जल्दबाजी में मेकअप करती हैं तो यह कपड़ों पर भी गिर जाता है, जिससे कपड़े खराब लगने लगते हैं।इस समस्या से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मेकअप करते समय गले की तरफ से कपड़ों पर टिश्यू लगा लें ताकि उत्पाद कपड़ों पर न गिरे।इसके बावजूद अगर किसी भी कारणवश आपके कपड़ों पर मेकअप का दाग लग जाता है तो इन 5 तरीकों की मदद से आप इससे छुटकारा पा सकती हैं।

शेविंग क्रीम का करें उपयोग

शेविंग क्रीम का उपयोग कपड़ों से फाउंडेशन का दाग हटाने के लिए किया जा सकता है।इसके लिए कपड़े को ठंडे पानी से धोने या वॉशिंग मशीन में डालने से पहले क्रीम को लगभग 10 मिनट के लिए कपड़े पर लगाकर छोड़ दें।यह उपाय लिपस्टिक, लिक्विड आईशैडो या सीरम सहित किसी भी तेल–आधारित उत्पाद को कपड़ों से हटाने में भी मदद कर सकता है।यहां जानिए शेविंग क्रीम से जुड़े हैक्स।

रबिंग अल्कोहल आएगा काम

अगर आपके किसी कपड़े पर किसी मेकअप उत्पाद का दाग लग गया है तो उसे छुड़ाने के लिए कॉटन बॉल या वॉशक्लॉथ पर थोड़ा रबिंग अल्कोहल डालें। इसके बाद इसे दाग से प्रभावित हिस्से पर हल्के हाथों से रगड़ें।यह तरीका मुख्य रूप से लिपस्टिक के दाग हटाने के लिए अच्छा है।हालांकि, अगर आपके पास रबिंग अल्कोहल नहीं है तो आप इसकी जगह एसीटोन या नेल पॉलिश रिमूवर भी आजमा सकते हैं।

ब्लो ड्रायर से भी दूर होगा दाग

अगर कभी चेहरे पर लूज पाउडर का उपयोग करते समय यह गहरे रंग के कपड़ों पर गिर जाता है तो इस पर हाथ फेरने की गलती न करें।इस तरह से आपके कपड़े खराब हो सकते हैं। लूज पाउडर या फिर अन्य पाउडर आधारित उत्पादों को कपड़ों से हटाने के लिए ब्लो ड्रायर का उपयोग करना अच्छा है।लाभ के लिए ब्लो ड्रायर को कोल्ड सेटिंग पर सेट करके इसे थोड़ी दूर से कपड़े पर फहराएं।

ब्लीच भी है प्रभावी

अगर आप किसी सफेद रंग के कपड़े से मेकअप के दाग हटाना चाहते हैं तो इसके लिए ब्लीच का उपयोग करना बेहतरीन है।लाभ के लिए कपड़े के दाग वाले हिस्से के पिछले हिस्से पर धीरे से थोड़ा ब्लीच लगाएं। अब कपड़े को रगड़ें नहीं, बल्कि कुछ देर के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद कपड़े को ठंडे पानी से धो लें।

साबुन के पानी से भी होगा काम

अगर आपके पास ऊपर बताए गए उत्पादों में कुछ भी नहीं है तो आप साबुन के पानी की मदद से भी कपड़ों से मेकअप के दाग हटा सकते हैं।लाभ के लिए थोड़े से पानी में लिक्विड सोप घोलें, फिर इसे दाग वाले हिस्से पर डालकर हल्के हाथों से रगड़ें। इसके बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें।वैकल्पिक रूप से आप इस काम के लिए डिशवॉशिंग लिक्विड या साबुन का भी उपयोग कर सकते हैं।

**अगर आपके पास ऊपर बताए गए उत्पादों में कुछ भी नहीं है तो आप साबुन के पानी की मदद से भी कपड़ों से मेकअप के दाग हटा सकते हैं।लाभ के लिए थोड़े से पानी में लिक्विड सोप घोलें, फिर इसे दाग वाले हिस्से पर डालकर हल्के हाथों से रगड़ें। इसके बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें।वैकल्पिक रूप से आप इस काम के लिए डिशवॉशिंग लिक्विड या साबुन का भी उपयोग कर सकते हैं।**

# चीन की माली दशा बिगड़ रही!

**श्रुति व्यास**

यों कोविड काल से ही चीन की अर्थव्यवस्था डावांडोल है। पर अब लाल झंडी लिए हुए हैं। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दो साल में पहली बार गुजरे महीने खुदरा कीमतों में गिरावट देखी गई। साल–दर–साल पैमाने पर जून 2023 तक रिटेल प्राइस इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं आया था।पर जुलाई 2023 में इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।जाहिर है लोग खरीदारी कम कर रहे है। जुलाई के आंकड़े, सन् 2021 की शुरूआत के बाद पहली बार चीन में नकारात्मक मुद्रास्फीति की स्थिति दर्शा रहे हैं। सन 2021 में कीमतें घट रहीं थीं क्योंकि कोविड–19 महामारी के कारण मांग कम होने की वजह से पोर्क (सूअर के मांस) की कीमतों में गिरावट थी।

ये आंकड़े आयात–निर्यात के आंकड़ों के जारी होने के अगले दिन आए। विदेश व्यापार के जुलाई आंकडे में आयात–निर्यात में अधिक गिरावट है क्योंकि दुनिया में चीन के माल की मांग कम हो गई है।

चीन के खुदरा व्यापारियों को बिक्री में गिरावट से जूझना पड़ रहा है। मतलब जिन खुदरा व्यापारियों ने महामारी के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के हटने के बाद मांग में वृद्धि की उम्मीद में बड़ी मात्रा में माल अपने गोदामों में भर लिया था, उन पर अब कीमतें घटाने का दबाव है। टेस्ला और अन्य कंपनियों द्वारा कारों के दामों में कटौती हुई है। कीमतें घट गईं हैं। कीमतों में कमी आने के बावजूद खरीदारी कम होने के मद्देनजर चीनी कारखाने उत्पादित माल के दाम घटा रहे हैं। चीन की



उत्पादक मूल्य मुद्रास्फीति, जो कारखानों द्वारा बेचे जाने वाले माल की कीमतें दर्शाता है, जून में साल–दर–साल के पैमाने पर 5.4 प्रतिशत थी।

हालांकि दूसरी तिमाही में चीनी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर साल–दर–साल के आधार पर 6.3 प्रतिशत रही, लेकिन वह भी उम्मीद से कम थी। वह भी 2022 के उस कमजोर आधार वर्ष के मुकाबले, जब शंघाई और कई अन्य शहरों में लाकडाउन लगा था। दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था पहली तिमाही की तुलना में केवल 0.8 प्रतिशत बढ़ी।

चीनियों को लगता है कि आंकड़े जो दिखा रहे हैं, असल में उससे भी बदतर अर्थव्यवस्था है। छोटे शहरों में घरों की कीमतें घट रहीं हैं। जून में बड़े शहरों में भी यही स्थिति थी। गार्जियन की खबर के मुताबिक चीनी हाउसिंग कंपनिया बिक्री बढ़ाने के लिए संभावित ग्राहकों को सोने की छड़ें, नई कारें और मोबाईल फोन उपहार में देने की पेशकश कर रहे हैं।जबकि युवा वर्ग रोजगार के मोर्चे पर अंधकारमय हालातों के चलते घर खरीदने का इरादा छोड़ रहे है। इतना ही नहीं शादी और बच्चे पैदा करने के फैसले भी मुल्तवी कर रहे हैं। निवेश घट गया है। विशेषकर विदेशी कंपनियां चीन में और निवेश करने में हिचकिचा रही हैं। स्थानीय शासन संस्थाएं अलग पैसे की कमी से जूझ रहीं हैं।

चीन पुराने अच्छे दिन लौटाने, आर्थिकी में वापिस रफ्तार के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन निवेशकों और विश्लेषकों के अनुसार चीनी सरकार निश्चिंत है। अधिकारी नकारात्मक मुद्रास्फीति जैसी चिंताओं को तव्वजो नहीं दे रहे हैं। सेन्ट्रल बैंक के डिप्टी गवर्नर लिऊ गुओकींग ने पिछले महीने कहा कि साल की दूसरी छमाही में अर्थव्यवस्था के सिकुडने की कोई संभावना नहीं है। और यह भी कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को दुबारा पटरी पर आने में वक्त लगेगा।

कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चीन में आगे वस्तुओं और सेवाओं की कितनी मांग होगी, यह बीजिंग के नीतिगत निर्णयों पर निर्भर करेगा। कुछ का सुझाव है कि सरकार को उपभोक्ता खर्च तथा रोजगार सृजन के लिए बड़ी योजना पर अमल करना चाहिए। लेकिन कर्ज के भारी बोझ के चलते, खासकर स्थानीय शासन के स्तर पर, ऐसा करना मुश्किल है। इसकी बजाए अधिकारी मौद्रिक नीति संबंधी कदमों जैसे ब्याज दरों में कमी का सहारा ले रहे हैं। ब्याज दरों में लम्बे समय से लगातार कटौती की जा रही है। लेकिन नकारात्मक मुद्रास्फीति से आर्थिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि उपभोक्ता भविष्य में कीमतें घटने की उम्मीद में उत्पादों की खरीदी रोक देंगे। इसके नतीजे में कंपनियां निवेश में कटौती करेंगीं क्योंकि उनका मुनाफा गिरेगा और अंततः या तो नई नौकरियां मिलना बंद हो जाएंगीं या कर्मचारियों की छटनीहोगी।खबर के मुताबिक चीनी अधिकारी जाने–माने अर्थशास्त्रियों पर दबाव डाल रहे हैं कि वे नकारात्मक मुद्रास्फीति सहित अर्थव्यवस्था संबंधी निराशाजनक मुद्दों की चर्चा नहीं करें।जाहिर है चीन को अपने नागरिकों की दशा–दिशा और समस्याओं की चिंता नहीं है मगर हां, उसे अपनी आर्थिक शक्ति की इमेज और दीर्घकालीन मंसूबों की चिंता जरूर है!

# लीवर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने के लिए आजमाएं ये 5 असरदार घरेलू नुस्खे

लिवर कुछ प्रोटीन, कोलेस्ट्रॉल और हामीन सहित कई महत्वपूर्ण चीजें बनाता है, जो शरीर के लिए आवश्यक हैं।आजकल बाजार में लिवर डिटॉक्स के नाम पर कई चीजें आ गई हैं, लेकिन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की कई स्टडीज में कहा गया है कि इनसे लिवर को कोई खास फायदा नहीं होता है।ऐसे में आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर लीवर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स किया जा सकता है।



**ग्रीन टी पीएं**

ग्रीन टी में कैटेचिन की अच्छी मात्रा होती है, जो लीवर को कई संक्रमणों से बचाने में मदद करती है।इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सिडेंट इस अंग की डिटॉक्स प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं, जिससे मुक्त कणों के कारण होने वाले संभावित खतरों को खत्म किया जा सकता है।लीवर की कार्यक्षमता को मजबूत करने के लिए रोजाना 1 या 2 कप ग्रीन टी का सेवन करें।यहां जानिए ग्रीन टी से मिलने वाले लाभ।

**हल्दी का करें उपयोग**

हल्दी एक बेहतरीन घरेलू मसाला है, जो लीवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है।विशेषज्ञों का मानना है कि रोजाना गर्म हल्दी वाला दूध पीने से लीवर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है और इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट पित्त उत्पादन में सहायता करते हैं, जो वसा का निर्माण को रोकते हैं।आप चाहें तो सुबह के समय एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच हल्दी और एक चुटकी काली मिर्च मिलाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं।

**डाइट में शामिल करें ताजे फल और सब्जियां**

लीवर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डाइट में 40 प्रतिशत तक ताजे फल और सब्जियां शामिल करना लीवर के लिए लाभदायक है।ये एंजाइमों से भरपूर होते है, जो पाचन में मदद करते हैं और विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए लीवर की क्षमता को बढ़ाते हैं।सबसे ज्यादा पालक, पत्तागोभी और खट्टे फल खाना लीवर के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**गाजर, चुकंदर और पालक के जूस का करें सेवन**

गाजर, चुकंदर और पालक प्राकृतिक रूप से लीवर क्लींजर हैं।गाजर बीटा–कैरोटीन से युक्त होती है, जो विटामिन–ए में परिवर्तित हो जाता है और लीवर के स्वास्थ्य में सुधार करता है।चुकंदर विषाक्त पदार्थों को तोड़ता है और लीवर को स्वस्थ बनाता है, जबकि पालक विषाक्त पदार्थों को हटाकर और इसकी समग्र क्षमता को बढ़ाकर लीवर को साफ करने के लिए पित्त उत्पादन को प्रोत्साहित करता है।ऐसे में तीनों सब्जियों का जूस बनाकर पीना लाभदायक है।

**आंवला भी है प्रभावी**

आंवला लीवर की प्रभावी रूप से कार्य में सहायता करता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।कई अध्ययनों के मुताबिक, यह हाइपरलिपिडेमिया (बहुत अधिक वसा) और मेटाबोलिक सिंड्रोम को भी कम करता है।इसके अतिरिक्त यह गुण फैटी लीवर से भी बचाता है, इसलिए आंवला इस स्थिति से जूझ रहे लोगों के लिए सबसे बेहतरीन है।आप अपने लीवर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए रोजाना आंवले का जूस पी सकते हैं।

## अधीर रंजन चौधरी का निलंबन सत्ता के अहंकार को दर्शाता है : मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को निलंबित किए जाने को अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह सत्ता के अहंकार को दर्शाता है. उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन का उपयोग चुनावी रैली के लिए किया है. खरगे ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''धन्यवाद प्रधानमंत्री जी, आखऱिकार आपने मणिपुर हिंसा पर सदन में अपनी बात रखी. हमें भरोसा है कि मणिपुर में शांति बहाली की गति तेज़ होगी, राहत शिविरों से लोग अपने घरों को लौटेंगे. उनका पुनर्वास होगा, उनके साथ इंसाफ होगा. आपने अगर अपना राजहठ और अहंकार पहले त्याग दिया होता तो संसद का कीमती समय बचता. अहम विधेयक अच्छी चर्चा के साथ पारित होते.उन्होंने कहा, ''हमें तकलीफ है कि मणिपुर हिंसा जैसे अभूतपूर्व मुद्दे पर विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव जैसे संसदीय हथियार का उपयोग करना पड़ा. लेकिन सदन का उपयोग भी आपने चुनावी रैली के रूप में किया. खरगे ने कहा, ''आखिरी दौर में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का निलंबन किया गया जो बेहद अलोकतांत्रिक और दुर्भाग्यपूर्ण है. ये सत्ता के अहंकार और दुर्भावना को दर्शाता है. ये परंपरा संविधान और संसदीय लोकतंत्र दोनों के लिए बहुत घातक सिद्ध होगी. हम इसकी घोर निंदा करते हैं.

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई कुछ टिप्पणियों और उनके आचरण के कारण बृहस्पतिवार को उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया गया.

## हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा के खिलाफ मुख्तार अंसारी की अपील सुनवाई के लिए स्वीकार की

**प्रयागराज ,एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माफिया मुख्तार अंसारी को मिली आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ उसकी अपील सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है. अंसारी ने अवधेश राय हत्या मामले में वाराणसी के सत्र न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा को चुनौती दी है. न्यायमूर्ति के.जे. ठाकर और न्यायमूर्ति यू.सी. शर्मा की खंडपीठ ने निचली अदालत के रिकॉर्ड तलब करते हुए इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 13 सितंबर, 2023 निर्धारित की. पिछले बृहस्पतिवार को अदालत में अपीलकर्ता मुख्तार के वकील उपेन्द्र उपाध्याय ने अंसारी की तरफ से यह अपील दाखिल की, लेकिन राज्य सरकार के वकील ने इसका विरोध किया.

## देश में विपक्ष के लिए लोकतंत्र से बड़ा दल: वसुंधरा

**जयपुर ,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा है कि देश में विपक्ष ने पूर्ण बहुमत से चुनी हुई सरकार के खिलाफ अकारण अविश्वास प्रस्ताव लाकर सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र से बड़ा उनके लिए दल है और राष्ट्र से पहले राजनीति उनकी प्राथमिकता है। राजे ने विपक्ष द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के गिर जाने के बाद यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले चार साल में केंद्र सरकार द्वारा कई ऐसे बिल लाए गए थे जो गांव, गरीब, दलित, किसान, पिछड़ों और आदिवासियों के कल्याण के लिए थे। देश के हर वर्ग का भविष्य इन बिलों से जुड़ा हुआ था लेकिन विपक्ष ने इनमें कभी कोई रुचि नहीं दिखाई।

# संसद: भाजपा बोली– मानसिक संतुलन खो बैठे हैं राहुल

## लोकसभा में 45 और राज्यसभा में 63 फीसदी हुआ कामकाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी के संसद में भाषण के बाद राजनीति जोरों पर है। पहले राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस पर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। वहीं अब संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने कभी नहीं सोचा था कि हम मणिपुर पर चर्चा के लिए सहमत होंगे।

आगे उन्होंने कहा कि आज भी राहुल गांधी ने क्या–क्या कहा है। मुझे लगता है कि राहुल गांधी अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। उन्होंने जवाब नहीं सुना है। वह सदन में नहीं आए। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि तथाकथित सबसे पुरानी पार्टी इतना गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है।

आगे प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राजनीतिक कारणों से विपक्ष ने (बिलों की) चर्चा में भाग नहीं लिया, उन्होंने केवल दिल्ली सेवा विधेयक में भाग लिया... सरकार कभी नहीं चाहती थी कि कोई विधेयक बिना चर्चा के पारित हो, बेशक, हमने चर्चा के बिना पारित नहीं किया है। राज्यसभा में लगभग सभी बिलों पर चर्चा हुई।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है और कहा कि मणिपुर में कांग्रेस ने नफरत के बीज बोए, मणिपुर पहले हिंसा के लिए जाना जाता था। कांग्रेस गृहमंत्री द्वारा लाए गए शांति प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुई। कांग्रेस शांति के बजाय जले पर नमक छिड़क रही है। राहुल गांधी ने भारत माता की मृत्यु की कामना की है। ऐसी भाषा से




राहुल की मानसिकता पता चलती है।

आगे बोले कि केवल 'टुकड़े–टुकड़े' गैंग के समर्थक ही 'भारत माता' को तोड़ने, मारने की सोच सकते हैं। उन्हें मणिपुर की महिलाओं की चिंता नहीं है। वे संविधान, भारत माता की हत्या की बात करते हैं। राहुल गांधी को राजस्थान की महिलाओं की चिंता नहीं है, आप पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर की महिलाओं में अंतर करते हैं।

इस बार के मानसून सत्र में विपक्ष ने मणिपुर की घटनाओं को लेकर काफी हंगामा किया। हंगामे और नारेबाजी के कारण लोकसभा में सिर्फ 45 फीसदी ही कामकाज ही हो पाया। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन को लेकर जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि 23 दिनों तक चले सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुईं। उन्होंने कहा कि लोकसभा की उत्पादकता करीब 45 फीसदी और राज्यसभा की 63 फीसदी है।

प्रल्हाद जोशी बताया कि 20 बिल लोकसभा में पारित हुए, पांच बिल राज्यसभा में पेश किए गए। विपक्ष चर्चा में शामिल नहीं हुआ। दिल्ली सेवा बिल को छोड़कर विपक्ष ने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया। वे भी इसलिए कि उन्हें उस मुद्दे पर अपनी एकता साबित करनी थी। राज्यसभा में 55 बिल लाए गए। सरकार कभी नहीं चाहती कि बिना चर्चा के बिल पास हो हालांकि हमें करना पड़ा। राज्यसभा में लगभग सभी विधेयकों पर चर्चा हुई।

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद विशेषाधिकार के उल्लंघन के लिए शुक्रवार को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। उनका निलंबन सदन के नेता पीयूष गोयल द्वारा पेश किए गए एक प्रस्ताव के बाद हुआ। मणिपुर की स्थिति पर चर्चा और सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में उच्च सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई।

## सगी बहन–भाइयों को आजीवन कारावास की सजा

**सोनभद्र , एजेंसी।** जमीन विवाद के बटवारे को लेकर 4 वर्ष पूर्व उदय की कुल्हाड़ी से कई बार प्रहार कर गला काट कर की गई नृशंस हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषियों सगी बहन–भाइयों को आजीवन कारावास व 10–10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2–2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र के कचनरवा टोला हड़वरिया गांव निवासी तारा देवी पत्नी स्वर्गीय उदय ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 23 जुलाई 2019 को लगभग सुबह साढ़े दस बजे जब अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से घर आ रही थी कि सडक़ पर गांव का राहुल अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर साथ में उसके भाई रोहित और विशाल आ गए।

## मासूम बेटी–बेटा की हत्या करने के बाद मां फांसी पर झूली

**लखनऊ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आयी है। एक मां अपने ही मासूम बेटा–बेटी की हत्या करने के बाद उन्हें फंदे से टांग दिया। इसके बाद खुद वह फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इसकी जानकारी पति को तब लगी जब वह रात में को ड्यूटी खत्म होने के बाद घर पहुंचा। दरवाजा न खुलने पर जब खिडक़ी से झांककर देखा तो सन्न रहा गया। सूचना पर गौतमपल्ली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और दरवाजा तोडक़र तीनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गऐ। महिला ने इस तरह का आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इस बारे में अभी कुछ भी पता नहीं चल सका है। फिलहाल शुरूआती जांच में घरेलू कलह की बात सामने निकलकर आ रही है।एसीपी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस को गुरुवार की देर रात सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के मार्टिनपुरवा मार्टिनपुरवा स्थित बड़ी मस्जिद के पास किराए के मकान में रहने वाले एक होटलकर्मी की पत्नी ने अपने बेटा और बेटी की हत्या करने के बाद फांसी पर झूल गयी है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी। पूछाताछ में पता चला कि महिला का पति रवि रात करीब एक बजे हौटल से घर लौटा। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि अंदर से दरवाजा बंद था। काफी देर तक बुलाता रहा जब कोई जवाब नहीं आया। फोन पर भी कई बार फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस दौरान रवि की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोग भी जमा हो गए।

## चंद्रयान–3 के बाद चांद के सफर पर रवाना हुआ लूना–25, 21 अगस्त को हो सकती है चंद्रमा पर लैंडिंग

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** रूस ने चंद्रमा पर कदम रखने के लिए 47 साल बाद अपना अभियान लॉन्च कर दिया है। शुक्रवार तडक़े स्थानीय समय के मुताबिक 2 बजकर 11 मिनट पर बोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना–25 को लॉन्च किया गया। रूस से पहले भारत अपने अंतिरक्ष यान चंद्रयान–3 को चंद्रमा पर भेजा गया है। दोनों ही मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कराना और चांद की सतह का अध्ययन करना है। रूस और भारत दोनों के यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करेंगे।

रूस ने 1976 के बाद पहली बार चंद्रमा पर अपने 'लूना–25' यान को भेजा है। इस यान का प्रक्षेपण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की मदद के बिना किया गया।

## हम तो नंदी के रूप में करते हैं सांड की पूजा

### शिवपाल से बोले योगी– इनको समझाते क्यों नहीं

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र के आखिरी दिन सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अलग–अलग तमाम मुद्दों पर हुई चर्चा का जवाब दिया। योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की शुरुआत दुष्यंत कुमार की लाइन से की। अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि– तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं...कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं। योगी ने अखिलेश को जवाब दिया। कहा– जिन सांड की बात आप कर रहे हैं। यही सांड आपके समय में बूचड़खाने में होते थे। हमारे समय में ये किसान पशुधन का पार्ट बने हैं।

सांड के मुद्दे पर बोलते हुए सीएम योगी ने आगे कहा कि हम तो नंदी के रूप में उसकी पूजा करते हैं। शिवपाल जी क्या आप



नंदी के रूप में पूजा नहीं करते। सीएम ने फिर कहा– शिवपाल जी आपकी कीमत यह लोग कभी नहीं समझ पाएंगे। आपके साथ अन्याय हुआ है।

योगी ने आगे कहा कि आपने तो कावड़ियों को बैन कर दिया था। जन्माष्टमी महोत्सव को बैन कर दिया गया था। जब मैं आया तो मैंने पूछा कि जन्माष्टमी पर क्या है। तब बताया गया बैन किया गया। तब मैंने कहा जन्माष्टमी सभी थानों और जेल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इनकी परेशानी सांड से नहीं इलीगल स्लाटर हाउस बंद होने से हैं।

सदन में सीएम योगी ने कहा कि नेता विरोधी दल की बातों को सुना। एक घंटे के भाषण में उन्हें सिर्फ गोरखपुर का जलजमाव दिखाई पड़ा। गोरखपुर में एक ही रात 133 मिमी बारिश हुई, इस वजह से जलजमाव हुआ। वहां लोग खुश हैं। उन्हें पता है कि अब जल जमाव नहीं होगा। सीएम योगी ने अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग जन्म से चांदी के चम्मच से खाने के आदी हैं वो किसान, गरीब, दलित की पीड़ा क्या समझेंगे? पिछड़ों, अति पिछड़ों के साथ इन्होंने क्या व्यवहार किया, ये पूरा प्रदेश जानता है। चौधरी चरण सिंह की बातों को अगर सपा ने जरा–सा भी ध्यान दिया होता तो इनके शासन काल में सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या न करते।

सीएम योगी ने एन्सेफलाइटिस के सवाल पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में चार बार सीएम के रूप में काम करने का मौका मिला। आपने इतने समय तक क्या किया? आपको इसका कोई समाधान नहीं मिला। मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने पहले कार्यकाल में ही इंसेफेलाइटिस को खत्म कर दिया है।

### हरियाणा दंगे : सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

## हम भी नफरती भाषणों के खिलाफ, सिब्बल ने कहा– कार्रवाई नहीं होती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा में हाल में हुए सांप्रदायिक दंगों के मद्देनजर दर्ज मामलों की जांच के लिए शुक्रवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से एक समिति का गठन करने को कहा। अदालत ने कहा कि समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए। शीर्ष अदालत हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में रैलियों में एक विशेष समुदाय के सदस्यों की हत्या और उनके सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले कथित नफरत भरे भाषणों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से निर्देश प्राप्त करने और प्रस्तावित समिति के बारे में 18 अगस्त तक सूचित करने को कहा। उन्होंने कहा, 'समुदायों के बीच कुछ सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए और



सभी समुदाय जिम्मेदार हैं। मुझे नहीं पता कि इसे बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया है या नहीं, लेकिन अभद्र भाषा की समस्या ठीक नहीं है और कोई भी इसे स्वीकार नहीं कर सकता।'

पीठ ने कहा, 'हम डीजीपी से कह सकते हैं कि वह उनके द्वारा नामित तीन या चार अधिकारियों की एक समिति का गठन करें, जो थाना प्रभारियों से सभी सामग्री प्राप्त करेगी और उसका अवलोकन करेगी और यह तय करेगी कि क्या सामग्री प्रामाणिक है और संबंधित पुलिस अधिकारी को उचित निर्देश जारी करेगी। पीठ ने कहा कि एसएचओ और पुलिस स्तर पर पुलिस को संवेदनशील बनाने की जरूरत है।'

शीर्ष अदालत ने मामले में याचिकाकर्ता पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला को भी निर्देश दिया कि वह वीडियो सहित सभी सामग्री एकत्र करें और 21 अक्तूबर, 2022 के फैसले के अनुपालन में प्रत्येक राज्य में नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रस्तुत करें। सुनवाई के दौरान नटराज ने कहा कि भारत सरकार भी नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ है और इस पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि नफरत फैलाने वाले भाषणों से निपटने का तंत्र कुछ स्थानों पर काम नहीं कर रहा है। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही अब्दुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि लोगों को नफरत फैलाने वाले भाषणों से बचाने की जरूरत है और इस तरह का द्वेष जारी नहीं रह सकता।

पीठ ने जब सिब्बल से समिति गठित करने के विचार के बारे में पूछा तो वरिष्ठ वकील ने कहा, 'मेरी समस्या यह है कि जब कोई दुकानदारों को अगले दो दिनों में मुसलमानों को बाहर निकालने की धमकी देता है तो यह समिति मदद नहीं करने वाली है।' सिब्बल ने कहा कि पुलिस कहती रहती है कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है लेकिन दोषियों को कभी गिरफ्तार नहीं किया जाता और न ही उन पर मुकदमा चलाया जाता। उन्होंने कहा, 'समस्या प्राथमिकी दर्ज करने की नहीं है, बल्कि क्या प्रगति हुई है? वे किसी को गिरफ्तार नहीं करते और न ही किसी पर मुकदमा चलाते हैं। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कुछ नहीं होता।' मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी।'

अब्दुल्ला द्वारा दायर आवेदन में शीर्ष अदालत के दो अगस्त के आदेश का हवाला दिया गया है जिसमें कहा गया है, 'हमें उम्मीद और भरोसा है कि राज्य सरकारें और पुलिस यह सुनिश्चित करेंगी कि किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई नफरत फैलाने वाला भाषण नहीं दिया जाए और कोई शारीरिक हिंसा या संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाए।' शीर्ष अदालत ने कहा था कि नफरत फैलाने वाले भाषणों से माहौल खराब होता है और जहां भी जरूरत होगी, पर्याप्त पुलिस बल या अर्धसैनिक बल तैनात किया जाएगा और पुलिस सहित प्राधिकारी सभी संवेदनशील इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल करेंगे या वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे।

आवेदन में कहा गया है कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक झड़पों के बाद विभिन्न राज्यों में 27 से अधिक रैलियों का आयोजन किया गया और नफरत भरे भाषण दिए गए। बयान में कहा गया है, 'उपरोक्त आदेश के बावजूद विभिन्न राज्यों में 27 से अधिक रैलियों का आयोजन किया गया है, जहां मुसलमानों की हत्या और सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले नफरत भरे भाषण खुले तौर पर दिए गए हैं।'

## रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही नाव समुद्र में डूबी, 17 लोगों की मौत, कई लापता

**यागून, एजेंसी।** म्यांमार के रखाइन राज्य से रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही एक नाव समुद्र में डूब जाने से करीब 17 प्रवासियों की मौत हो गई और कई लापता हो गए। बचाव दल ने शुक्रवार को बताया कि सितवे शहर में श्वे यांग मेट्टा फाउंडेशन के एक बचावकर्मी ब्यार ला ने कहा कि एक नाव समुद्र में डूब गई, जिस पर 50 से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि हमें कल तक 17 शव मिले हैं।

बचावकर्मी ब्यार ला ने कहा कि हमें आठ व्यक्ति जीवित मिले। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए ले गई है। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी अभी भी लापता लोगों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि जहाज पर सटीक संख्या ज्ञात नहीं है। बंगलादेश की सीमा पर मॉन्गडॉ टाउनशिप में एक रोहिंग्या सहायता कार्यकर्ता ने कहा कि खराब मौसम की वजह से नाव डूब गयी। इस हादसे के बाद करीब 500 अन्य लोग अभी भी मलेशिया जाने की उम्मीद कर रहे हैं।

बौद्ध–बहुल म्यांमार में राखीन लगभग छह लाख रोहिंग्या मुसलमानों का घर है, जिन्हें बंगलादेश से प्रवासी माना जाता है और उन्हें नागरिकता और आंदोलन की स्वतंत्रता से वंचित कर दिया गया। मलेशिया और इंडोनेशिया तक पहुंचने की कोशिश करने के लिए हर साल हजारों रोहिंग्या बंगलादेश और म्यांमार के शिविरों से अपनी जान जोखिम में डालकर समुद्री यात्रा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के जनवरी के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 39 जहाजों में 3,500 से अधिक रोहिंग्या ने अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी को पार करने का प्रयास किया, जो पिछले वर्ष 700 से अधिक था। एजेंसी ने कहा कि पिछले साल समुद्र में करीब 348 रोहिंग्या मारे गए या लापता हो गए।

## जंगल की आग ने ले ली 53 लोगों की जान

### हवाई में डोरा तूफान की तेज हवाओं ने डाला आग में घी

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** अमरीका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढक़र 53 हो गई है। दमकलकर्मियों का आग बुझाने का प्रयास जारी है, लाहिना में सक्रिय आग के बीच आज 17 अतिरिक्त मौतों की पुष्टि हुई है। इसी के साथ ही आग से मरने वालों की संख्या 53 हो गई है।



इससे पहले दिन में आग से मरने वालों की संख्या 36 बताई गई थी। ऐसा माना जा रहा है डोरा तूफान की तेज हवाओं के कारण जंगल में भीषण फैली है, जिससे माउई द्वीप पर एक पर्यटक स्थल लाहिना का कुछ हिस्सा नष्ट हो गया है। अधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ाने की आशंका जतायी है। काउंटी के अधिकारियों ने पूर्व में जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि आग से लाहिना शहर में बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जंगल की आग पर आज सुबह 80 प्रतिशत काबू पा लिया गया है।

दमकल विभाग ने लाहिना और पुलेहु और अपकंट्री माउई में आग पर काबू पाने जानकारी दी है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हवाई के जंगलों में लगी आग को आपदा घोषित किया है। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन नुकसान का सर्वेक्षण करने के लिए माउई में हैं। लाहिना में घटनास्थल पर एक वीडियो भाषण में श्री ग्रीन ने कहा कि 'एक हजार से अधिक इमारतें' नष्ट होने की संभावना है।

## भौतिक पुस्तकों और स्थानीय भाषाओं को चाहिए अपनाना : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) ने क्लेरिजेस होटल में 'इंडियन पब्लिशर्स कॉन्फ्रेंस 2023' की शुरुआत की। यह आयोजन भारतीय प्रकाशन उद्योग में उत्कृष्टता और प्रगति के 50 वर्षों का जश्न मनाते हुए फेडरेशन की स्वर्ण जयंती का प्रतीक है। यह कॉन्फ्रेंस दो दिन (11–12 अगस्त) आयोजित की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जुबिन ईरानी ने किया। सम्मेलन की थीम 2047 में भारतः राष्ट्र निर्माण में प्रकाशन की भूमिका है। यह सम्मेलन देश के भविष्य को तैयार करने में प्रकाशन की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाने के लिए उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और हितधारकों को एक साथ लाया है। जैसे–जैसे भारत एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, सम्मेलन में चर्चा हुई कि प्रकाशन कैसे आर्थिक विकास, रोजगार और ज्ञान प्रसार में योगदान दे सकता है और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज को बढ़ावा दे सकता है। स्मृति ईरानी ने डिजिटल युग में पढ़ने की आदतों के विकास पर प्रकाश डाला, पारंपरिक पुस्तक पढ़ने से ई–पुस्तकों में संक्रमण की चुनौती को स्वीकार किया। उन्होंने उपकरणों के माध्यम से पढ़ने की चुनौतियों पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह एक चर्चा का विषय बन गया है। परिवर्तन का विरोध करने वालों को इनोवेशन की कमी के रूप में लेबल किया जा रहा है। उन्होंने कहा की कुछ हालिया चिकित्सा शोध से पता चलता है कि उपकरणों को जल्दी शुरू करने से सभी आयु समूहों में संज्ञानात्मक गिरावट पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आगे ज्ञान प्राप्ति और पढ़ने के प्यार को प्रमुख कारण बताते हुए किताबें पढ़ने के महत्व को बताया। उन्होंने फिजिकल कॉपियों से पढ़ने की वकालत की। उन्होंने स्थानीय भाषाओं में पुस्तकों को डिजिटल बनाने और युवा पीढ़ी के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया।

ईरानी ने पाठकों और प्रकाशकों के बीच सहयोग की आवश्यकता के साथ–साथ व्यक्तिगत विकास में पढ़ने की आवश्यक भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने किताबों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नीतिगत पहलों के माध्यम से प्रकाशन उद्योग को समर्थन देने की सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

# अमेरिका में डब्लूआई पर भारी पड़ी है टीम इंडिया, आज खेला जाएगा सीरीज का चौथा मैच




नई दिल्ली, । वेस्टइंडीज के विरुद्ध पांच मैचों की टी–20 सीरीज के अंतिम दो मैच अब अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। शुरुआती दो मुकाबले गंवाने के बाद तीसरा टी–20 मैच जीतकर भारत ने सीरीज में वापसी की थी और अब उसे वेस्टइंडीज के विरुद्ध लगातार छठी सीरीज जीतने के लिए अगले दोनों मैच जीतने होंगे।

वेस्टइंडीज का पलड़ा भारी

अगर बात करें भारतीय टीम के अमेरिका में प्रदर्शन की तो वेस्टइंडीज इंडिया वेस डब्लूआई के विरुद्ध उसका पलड़ा भारी रहा है। 2016 से भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई तीन सीरीज के छह मैचों का आयोजन फ्लोरिडा के लाडरहिल में किया गया। इनमें से भारत ने चार मैच जीते, जबकि एक में हार मिली। एक मैच बेनतीजा रहा।

**पहला आईसीसी से मान्यता प्राप्त स्टेडियम**

लाडरहिल अमेरिका का पहला आइसीसी से मान्यता प्राप्त स्टेडियम है। 2019 दौरे पर भारत ने यहां दो और 2022 में भी दो मैच खेले थे और चारों में जीत दर्ज की थी। ऐसे में पिछले प्रदर्शन को देखें तो भारत यहां सीरीज जीतने का दावेदार है, लेकिन उसके लिए हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण होगा।

**आरंभिक जोड़ी चिंता का विषय**

सीरीज में आरंभिक जोड़ी का न चलना भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है। अब तक खेले गए तीनों मैचों में आरंभिक जोड़ी टीम को ठोस शुरुआत नहीं दिला सकी है। शुरुआती दो मैचों में शुभमन गिल और इशान ने पहले विकेट के लिए पांच और 18 रन की ही साझेदारी की थी। इसके बाद टीम प्रबंधन ने तीसरे मैच में इशान की जगह यशस्वी जायसवाल को गिल के साथ भेजा, लेकिन ये जोड़ी भी प्रभावित नहीं कर सकी और सिर्फ छह रन ही बना सकी। ऐसे में अगर भारतीय टीम को सीरीज अपने नाम करनी है तो आरंभिक जोड़ी को रन बनाने होंगे।

भारतीय टीम मियामी पहुंची

टीम इंडिया मियामी पहुंच गई। यहां के लाडरहिल में शनिवार को सीरीज का चौथा टी–20 मैच खेला जाएगा। बीसीसीआइ ने टीम इंडिया का वीडियो साझा किया, जिसमें भारतीय खिलाड़ी फ्लाइट में नजर आ रहे हैं और इसके बाद वे एयरपोर्ट पर उतरते हैं। इस दौरान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, शुभमन गिल और युजवेंद्रा सिंह चहल दिलचस्प अंदाज में नजर आए। गिल कुछ खाते नजर आए। उनके साथ गेंदबाज आवेश खान, कुलदीप यादव, संजू सैमसन और अर्शदीप ङ्क्षसह भी दिखे।

## हांगझोऊको 2026 तक बीडब्ल्यूएफ फाइनल की मेजबानी मिली

कुआलालंपुर, बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) ने चीन के हांगझोऊ को अगले चार वर्षों के लिए सीजन के अंत वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स का मेजबान शहर नियुक्त किया है। पिछले साल के संस्करण को कोविड–19 महामारी के कारण ग्वांगझोउ से बैंकॉक में स्थानांतरित करने के बाद बैडमिंटन का सीजन–एंडिंग इवेंट एक चीनी शहर में लौट आया है।

बैडमिंटन की विश्व नियामक संस्था ने एक बयान में कहा, बीडब्ल्यूएफ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रतिष्ठित एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल पूरे चक्र के लिए हांगझोऊ में होगा। हांगझोऊ 19वें एशियाई खेलों का घर है और अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन के शोपीस इवेंट के लिए एकदम सही स्थान है। 2023 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल शहर में स्थगित 2022 एशियाई खेलों के समापन के दो महीने से अधिक समय बाद 13 से 17 दिसंबर तक आयोजित होने वाला है। 2023 से शुरू होकर बीडब्ल्यूएफ ने 31–इवेंट वाले नए वर्ल्ड टूर कैलेंडर का अनावरण किया,

# केन विलियमसन ने स्वीकार किया, विश्व कप में खेलना 'मुश्किल लक्ष्य'




क्राइस्टचर्च, केन विलियमसन ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि भारत में होने वाले आईसीसी विश्व कप 2023 में उनके खेलने की संभावनायें काफी कम हैं क्योंकि न्यूजीलैंड का यह बल्लेबाज सर्जरी से अब भी उबरने की प्रक्रिया में चल रहा है।

विलियमसन के घुटने के 'एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट' (एसीएल) की इस साल अप्रैल में सर्जरी हुई थी। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के शुरुआती मैच में गुजरात टाइटन्स की ओर से अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलते हुए यह चोट लगी थी। विलियमसन ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''विश्व कप में खेलना हमेशा ही विशेष होता है। इसे (चोट को) ठीक होने में कितना समय लगेगा या मैं किस दिन वापसी करूंगा, यह इस समय बस अटकलबाजी ही है।'' उन्होंने कहा, ''हां, निश्चित रूप से संभावना काफी कम है लेकिन फिर यह लक्ष्य काफी मुश्किल है। पर विश्व कप जैसा टूर्नामेंट हमेशा आपको प्रेरित करता है।''यह 33 साल का बल्लेबाज इंग्लैंड में न्यूजीलैंड टीम से जुड़ जायेगा। न्यूजीलैंड की टीम अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले इस दौरे पर चार टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। विलियमसन इंग्लैंड में अपने साथी खिलाड़ियों के साथ अपना 'रिहैबिलिटेशन' जारी रखेंगे।

वह सितंबर के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड की श्रृंखला के दौरान संभावित वापसी का समय बताने का भी अंदाजा नहीं लगा सकते। उन्होंने कहा, ''यह पेचीदा है। इस समय यह ठीक होने की बात है। आप 'मूवमेंट' और आत्मविश्वास के बारे में बता सकते हो। लेकिन आप वापसी के सही समय के बारे में आकलन नहीं कर सकते। कि ऐसा बांग्लादेश श्रृंखला में होगा या फिर इससे पहले।''

# भारत–पाकिस्तान मैच दबाव पर अनिल कुंबले बोले, केन्या से हार जाओ लेकिन पाकिस्तान से नहीं




नई दिल्ली, । भारत के महान लेग स्पिनर और पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने खुलासा किया कि उनके खेल करियर में, भारत–पाकिस्तान मैचों का प्रचार इतने उच्च स्तर पर था कि अगर टीम केन्या से हार भी जाती तो प्रशंसकों को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन पाकिस्तान के ख़िलाफ़ नहीं। भारत 2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 50 ओवर के एशिया कप 2023 के ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। यदि भारत और पाकिस्तान सुपर फोर चरण में पहुंचते हैं, तो उनका कोलंबो में आमना–सामना होना तय है। भारत और पाकिस्तान पुरुष वनडे विश्व कप के लीग चरण में 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने–सामने होंगे।

कुंबले ने बेंगलुरु में अनुभवी क्रिकेट प्रशासक अमृत माथुर द्वारा लिखे गए संस्मरण पिचसाइड के लॉन्च के दौरान कहा, हमारे समय में, यह शब्द था 'केन्या से भी हारें लेकिन पाकिस्तान से नहीं। कुंबले, जो 2016 से 2017 तक भारत के मुख्य कोच भी थे, को 1999 में नई दिल्ली में खेले गए टेस्ट मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 74 रन देकर ऐतिहासिक 10 विकेट लेने के लिए याद किया जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ 34 एकदिवसीय मैचों में, कुंबले ने 54 विकेट लिए हैं। मैं 10 विकेट लेने के बारे में सोचकर मैदान पर नहीं गया था, हालांकि यह किसी भी गेंदबाज का सपना होता है।

## भारत की ज्योति चौहान ने डब्ल्यूएफसी डिनामो जगरेब से अनुबंध बढ़ाया

मुंबई, भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ज्योति चौहान ने शुक्रवार को क्रोएशियाई क्लब डब्ल्यूएफसी डिनामो जगरेब से एक और सत्र के लिए अनुबंध बढ़ा दिया। विज्ञप्ति के अनुसार ज्योति चौहान का अनुबंध 'एलीट वुमैन्स ट्रायल्स' के दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की बदौलत बढ़ाया गया।ट्रायल्स का आयोजन 'वुमैन स्पोर्ट्स फोरम' द्वारा 'एमपीएल फाउंडेशन' और भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी संघ के साथ मिलकर कराया गया था। ज्योति पिछले साल जून में क्रोएशियाई क्लब में ट्रायल्स के पहले चरण में जुड़ी थीं। ट्रायल्स के दूसरे चरण में 27 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। ज्योति शीर्ष स्तर के फुटबॉल में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं, उन्होंने यह उपलब्धि इस साल मई में हासिल थी।

# उत्तर भारत का बैडमिंटन महाकुंभ शुरू पुरुष इवेंट के फाइनल में पहुंचा हरियाणा

जालंधर, रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में वीरवार से उत्तर भारत का बैडमिंटन महाकुंभ शुरू हो गया। 10 से 13 अगस्त तक चलने वाली योनेक्स सनराइज नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के वाइस प्रेसिडेंट श्री अजय सिंघानिया ने किया। शुभारंभ के दौरान श्री सिंघानिया ने खिलाड़ियों से परिचय कियाऔर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस बारे में डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सेक्रेटरी एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री रितिनखन्ना ने बताया किपंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से आयोजित नॉर्थजोन इंटर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले दिन आज टीम इवेंट के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल के मुकाबले हुए। सेमीफाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने राजस्थान को 3–0 से मात दी। पुरुषएकल वर्ग में भरत राघव ने अजय मीणिया को 21–8, 21–7 से हराया। दूसरे एकल वर्ग में रवि ने प्रणय को 21–8, 21–15 से हराया। पुरुषयुगल वर्ग में अक्षित महाजन एवं पंकज की जोड़ी ने मोहम्मद अमान एवं शुभम पटेल की जोड़ी को 13–21, 21–19, 21–11 से मात दी।

इससे पूर्व क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में लडक़ों के वर्ग में राजस्थान ने पंजाब को 2–0 से हराया। एकल वर्गमें संस्कार सहरावत ने अध्ययन कक्कड़ को 21–13, 18–21, 21–10 से मात दी। अन्य मुकाबले में चंडीगढ़ ने जम्मू–कश्मीर को 2–0 से हराया। एकल वर्गमें समरवीर ने वैभव मेहता को 21–8, 21–12 से हराया जबकि युगल वर्ग में रेहान फुटेला एवं समरवीर की जोड़ी ने शौर्य जसरोटिया एवं वैभव मेहता को 21–16, 21–16 से हराया। तीसरे मुकाबले में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 2–0 से मात दी। एकल वर्ग में शिवांश को एस गिनपॉल ने 21–9, 21–11 से मात दी।

अन्य मुकाबले में कर्णशर्मा ने मधुर ढींगरा को मात दी। भव्य छाबड़ा एवं परम चौधरी की जोड़ी ने कर्णएवं शिवांशको 21–12, 21–15 से मात दी। महिला टीम चैंपियनशिपके टीम इवेंट में पंजाब ने जम्मू–कश्मीर को 3–0 से मात दी। एकल वर्गमें उन्नति जराल को समृद्धि ने 21–12, 21–16 से मात दी। कृषिका महाजन को राधिका शर्माके हाथों 16–21, 21–17 के स्कोर से हार मिली। महिला युगल वर्ग में राधिका शर्मा एवं तन्वी शर्मा ने कृषिका महाजन एवं उन्नति जरल को 21–15, 21–15 से हराया। राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश को 3–1 से मात दी। महिला एकल वर्ग में तनीशा सिंह ने रूबी को 21–12, 21–7 से हराया।

आनंदिता को भारती ने 21–11, 21–11, 21–19 से मात दी। सीमा शर्मा एवं वंशिका की जोड़ी ने भारती शर्मा एवं सिमरन की जोड़ी को 21–14, 12–21, 21–12 से हराया। चंडीगढ़ ने दिल्ली को 3–0 से मात दी। महिला एकल वर्ग में रिजुल सैनी ने दीपशिखा सिंह को 12–21, 21–12, 21–16 से मात दी। गरिमा सिंह ने स्तुति अग्रवाल को 12–21, 21–18, 21–15 से हराया। गरिमा सिंह एवं निकिता सिंह की जोड़ी ने दीपशिखा सिंह एवं काव्या गुप्ता को 22–20, 14–21, 21–18 से मात दी।

## फिल्मी दुनियां

# जेलर ने नए पोस्टर में रजनीकांत और शिवराजकुमार एक फ्रेम में आए नजर



निकलता है और अपने परिवार की हर समय रक्षा करता है। फिल्म के नए पोस्टर में रजनीकांत और शिव राजकुमार ब्लैक एंड व्हाइट फ्रेम में बेहद दमदार लग रहे हैं। फिल्म का पोस्टर सन पिक्चर के एक्स हैंडल पर आया है। जेलर के ट्रेलर में रजनीकांत पूरी तरह से कबाली मोड में नजर आए। इस फिल्म में उनकी पत्नी का किरदार अनुभवी अभिनेत्री राम्या कृष्णन ने निभाया है। शिव राजकुमार फिल्म में नरसिम्हा की भूमिका निभाएंगे, जबकि मोहनलाल मैथ्यू की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि यह किरदार क्या भूमिका निभाएंगे यह छिपा कर रखा गया है। जेलर से सनी देओल और

सुपरस्टार रजनीकांत जेलर के साथ वापसी कर रहे हैं। वह इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में लगे हुए हैं। जेलर एक एक्शन–थ्रिलर फिल्म है,जिसमें वह एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी की भूमिका निभाते हैं, जो एक बड़े गिरोह को रोकने के लिए अमीषा पटेल अभिनीत गदर 2 जितनी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। भारत के अन्य हिस्सों में दक्षिण भारतीय फिल्मों की बढ़ती लोकप्रियता के साथ रजनीकांत का चेहरा सफलता की एक बड़ी गारंटी है। जेलर 10 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फ्लोर पर लेटकर कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए निक्की तंबोली ने कराया फोटोशूट, हॉटनेस देखकर आहें भर रहे फैंस



बिग बॉस फेम निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही कहर बरपाने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने फ्लोर पर बैठे हुए बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है, जिसमें उनका स्टाइलिश अवतार देखकर फैंस की नजरें हटना मुश्किल हो गया है। निक्की तंबोली हमेशा अपनी हॉटनेस भरी अदाओं और किलर लुक्स के कारण फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वयारल होने लगती हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट से एक बार फिर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी फिटनेस और बोल्ड अदाएं फैंस के दिलों पर खंजर चलाने का काम कर रही हैं। बताते चलें कि निक्की तंबोली की सिजलिंग लुक्स और हॉटनेस का हर कोई दीवाना है। हालांकि ये ही कारण भी है कि उन्हें सोशल मीडिया पर चाहने वालों की लिस्ट काफी तगड़ी है।

## रॉकी और रानी... ने वीकेंड पर लगाई जबरदस्त छलांग



सिनेमाघरों में इन दिनों करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का जलवा देखने को मिल रहा है।28 जुलाई को रिलीज होने वाली यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है और धीरे–धीरे इसका कलेक्शन 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ता जा रहा है।दूसरी ओर ओपेनहाइमर और बार्बी भी टिकट खिडक़ी पर अपनी पकड़ बनाए हुए हैं।आइए जानते हैं वीकेंड पर किस फिल्म ने कितनी कमाई की है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी नजर आई है।फिल्म में दोनों एक–दूसरे से एकदम अलग होने के बाद भी प्यार कर बैठते हैं और फिर अपने परिवारों को मनाने की कोशिश में लगे रहते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की कमाई में रिलीज के 9वें दिन जबरदस्त उछाल आया है।दरअसल, शनिवार को फिल्म ने 11.50 करोड़ की कमाई की है और अब इसका कलेक्शन 90.58 करोड़ रुपये हो गया है।

क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर रिलीज के बाद से दुनियाभर में ही नहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी छाई हुई है।फिल्म की रिलीज का यह तीसरा हफ्ता चल रहा है और इसकी कमाई अभी भी करोड़ों में ही हो रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कमाई को अपनी रिलीज के 16वें दिन बढ़त मिली और इसने 4.48 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।ऐसे में अब इसकी कुल कमाई 109.73 करोड़ रुपये हो गई है। ग्रेटा गर्विग के निर्देशन में बनी बार्बी अपनी रिलीज के बाद से ही टिकट खिडक़ी पर अपना जादू बरकरार रखे हुए है।

# शीना बजाज नॉन स्टॉप धमाल से करेंगी बॉलीवुड डेब्यू




इरशाद खान द्वारा निर्देशित फिल्म नॉन स्टॉप धमाल से एक्ट्रेस शीना बजाज बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म में काया की भूमिका निभाई है, जिसमें राजपाल यादव, अन्नू कपूर, मनोज जोशी, श्रेयस तलपड़े, हेमंत पांडे और कई अन्य कलाकार भी हैं।

शीना ने कहा, इस फिल्म से लंबे ब्रेक के बाद कॉमेडी में मेरी वापसी है। इस शैली में मेरी आखिरी फिल्म सिटकॉम बेस्ट ऑफ लक निक्की थी। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रूके साथ फिल्म में काम करना अद्भुत था। राजपाल यादव से बहुत कुछ सीखा। वह हमेशा मदद के लिए मौजूद थे और हमने बहुत कुछ सुधार भी किया। उन्होंने मेरे काम के बारे में अच्छी बातें कहीं। ऐसी बातें बहुत मायने रखती हैं।

अब जब वह फिल्मों में अपना सफर शुरू कर रही हैं, तो हम उनसे पूछा कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाने की इच्छुक है।

उन्होंने कहा, बॉलीवुड में, मेरा पर्सपेक्टिव मुख्य रूप से ऐसी भूमिकाओं की तलाश के इर्द–गिर्द घूमता है, जो गहराई से परफॉर्मेंस–ओरिएंटेड हो, जो मुझे एक एक्टर के रूप में वास्तव में आगे ले जाए। यह वह अनोखी फिल्म है जहां आपके पास अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों को अपने और आर्कषित कर सकते हैं।

# कल्कि कोचलिन की गोल्ड फिश की रिलीज तारीख आई सामने, पोस्टर जारी



भारतीय सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री और लेखिका कल्कि कोचलिन पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म गोल्ड फिश को लेकर सुर्खियों में हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है।यह फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इसके साथ निर्माताओं ने गोल्ड फिश का आधिकारिक पोस्टर साझा कर दिया है, जिसमें कल्कि और दीप्ति नवल की झलक देखने को मिल रही है।कल्कि की फिल्म गोल्ड फिश का निर्देशन अनुराग कश्यप द्वारा किया जा रहा है।इसमें कल्कि के अलावा रजित कपूर, भारती पटेल, गॉर्डन वार्नके, रविन गनात्रा और शनाया रफत जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। गोल्ड फिश पूषन कृपलानी द्वारा निर्मित है।इसके अलावा कल्कि अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला की मेड इन हेवन 2 में भी अभिनय करती दिखाई देंगी।इसका प्रीमियर 10 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। बता दें कि फिल्म में मैमोरी, म्यूजिक, मेंटल हेल्थ और आइडेंटिटी जैसे मसलों को दिखाया गया है। इस फिल्म में कल्कि अनामिका के रोल में नजर आएंगी, वहीं दीप्ति नवल उनकी मां के किरदार में दिखाई देंगी। इस फिल्म की कहानी डिमेंशिया के विषय पर आधारित है। फिल्म में कल्कि अपनी मां (दीप्ति नवल) के पास लौटती हैं, जो डिमेंशिया से जूझ रही हैं। इस फिल्म को लेकर अनुराग कश्यप भी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। उन्होंने कहा था, मैंने बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डफिश देखी थी और यह फिल्म बहुत शानदार लगी। फिल्म में कल्कि और दीप्ति नवल के बीच दिखाया गया रिश्ता, स्क्रिप्टिंग, डायरेक्शन, सबकुछ बहुत खास है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com